gradeup

मासिक जी.के. डाइजेस्ट

अप्रैल 2021

मंथली डाइजेस्ट

अप्रैल- 2021

प्रिय पाठकों,

यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**अप्रैल - 2021**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. फेसबुक ने अमेरिका को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ **अंडर-सी केबल** के माध्यम से जोड़ने के लिए **गूगल** के साथ भागीदारी की है।
   नोट: प्रारंभिक चरण में, 2 अंडर-सी केबल: इको और बिफ्रोस्ट, अमेरिका को ट्रांस-पैसिफिक क्षेत्र में एक विविध समुद्री मार्ग के माध्यम से इंडोनेशिया के साथ जोड़ेंगी। नोट- फेसबुक ने सार्वजनिक वाई-फाई हॉट स्पॉट विकसित करने के लिए इंडोनेशिया में 3000 किलोमीटर फाइबर भेजा किया है। "इको" - फेसबुक द्वारा गूगल और इंडोनेशिया की दूरसंचार कंपनी XL एक्सिऐटा की साझेदारी में बनाया गया है। इसके 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।
2. **नीति आयोग** ने 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन इंडियाज हेल्थकेयर सेक्टर' नामक एक रिपोर्ट जारी की है जिसने भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक निवेश अवसरों पर ध्यान आकर्षित किया है।
   नोट: रिपोर्ट भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर ध्यान आकर्षित करती है। वर्ष 2022 में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश 372 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में FDI इन्फ्लो 2011 में 94 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2016 में 1275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (13.5 गुने की छलांग) हुआ।
3. निजी क्षेत्र के **RBL बैंक** ने यूके स्थित बिजनेस बैंकिंग फिनटेक **Tide प्लेटफॉर्म लिमिटेड** (Tide) के साथ Tide के भारतीय प्लेटफॉर्म को बैंक खाता अवसंरचना प्रदान करने हेतु साझेदारी की है, जो मुख्य रूप से लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) सहायता पर केंद्रित है।
   नोट: यूके के बाहर Tide का पहला बाजार भारत है, जिसका कारण उसकी लगभग 63 मिलियन की विशाल SME आबादी और लोगों की उद्यमशीलता भावना है। पेयू (भुगतान सेवा प्रदाता) के पूर्व उपाध्यक्ष गुरजोधपाल सिंह भारत में Tide के कारोबार का नेतृत्व करेंगे।
4. **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक** ने भारत में ऑफलाइन खुदरा विक्रेताओं और छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने के लिए nStore टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड (nStore) के साथ भागीदारी की है।
   नोट: उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन SFB) ने भारत में ऑफलाइन खुदरा विक्रेताओं और छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने के लिए nStore टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड (nStore) के साथ भागीदारी की। इस सहयोग के तहत, उज्जीवन SFB स्थानीय व्यवसाय के स्वामी अपने चालू खाताधारकों को मोबाइल एप्लिकेशन 'nLincs' प्रदान करेगा और उन्हें अपने उत्पाद ऑनलाइन बेचने में सक्षम बनाएगा।
5. **भारतीय स्टेट बैंक** ने भारत में जापानी ऑटोमोबाइल निर्माताओं को संपूर्ण व्यापार संचालन हेतु ऋण प्रदान करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (JBIC) के साथ 1 बिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: अक्टूबर 2020 में, SBI ने JBIC के साथ 1 बिलियन डॉलर का ऋण समझौता किया था। वर्तमान ऋण समझौते के बाद, कुल ऋण सुविधा अब लगभग 2 बिलियन डॉलर है। वित्तपोषण सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल में सहायता करेगा। SBI भारत में जापानी ऑटोमोबाइल के निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और डीलरों को निधि सहायता के लिए पुनर्वित्त के साथ ऋण प्रदान करेगा।

6. UN-ESCAP द्वारा जारी रिपोर्ट "इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसेफिक 2021" के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2021-22 में 7 **प्रतिशत** की दर से बढ़ेगी।
नोट: रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020 में 7.7% (-7.7%) के संकुचन के सामने वित्त वर्ष 2021 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। इसने भारत सहित एशिया प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं में "K-आकार की बहाली" सूचित की है।
7. **ICICI बैंक और एक्सिस बैंक** ने वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और कार्ड कंपनी वीज़ा के साथ उनके साझेदार के रूप में खुदरा भुगतान हेतु एक न्यू अंब्रेला यूनिट (NUE) लॉन्च करने के लिए समझौता किया है।
नोट: ICICI बैंक और एक्सिस बैंक में से प्रत्येक बैंक 20% हिस्सेदारी (40%) और अन्य साझेदार अमेजन, बिलडेस्क, पाइन लैब्स तथा वीज़ा में से प्रत्येक 15% की हिस्सेदारी (60%) के साथ सह-नेतृत्व करेंगे। RBI ने कैशलेस भुगतान को तेज करने हेतु NPCI के एक वैकल्पिक तंत्र (प्रतिद्वंदी) के निर्माण में भुगतान प्रणालियों के लिए अन्य संगठनों को अंब्रेला यूनिट स्थापित करने की अनुमति दी है। RBI ने NUE निर्माण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2021 निर्धारित की है।
8. विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस स्प्रिंग अपडेट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर **10.1%** क्या होगी।
नोट: रियल इंडिया GDP विकास दर 7.5% से 12.5% की सीमा में होगी। विश्व बैंक के अनुसार, प्रतिवेदित वित्त वर्ष के दौरान सरकारी खपत में लगभग 16.7% की वृद्धि होने की संभावना है। रिपोर्ट दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए 2021 में 7.2% और 2022 में 4.4% की वृद्धि का पूर्वानुमान बताती है।
9. सरकार ने 2020-21 में राष्ट्र के स्वामित्व वाले चार बैंकों के लिए ब्याज रहित बांड जारी करके उनमें **14,500 करोड़ रुपये** की धनराशि डालने की घोषणा की है।
नोट: चार बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक हैं। छह अलग-अलग परिपक्वताओं के साथ पुनर्पूंजीकरण बांड जारी किए जाएंगे, और पात्र बैंक आवेदन के अनुसार धनराशि के लिए विशेष प्रतिभूतियां सममूल्य पर होंगी। यह निवेश 2020-21 के लिए PSB में सरकार का कुल पूंजीगत निवेश 20,000 करोड़ रुपये पूरा करेगा।
10. RBI ने आवर्ती ऑनलाइन लेनदेन संसाधित करने के लिए समयसीमा **30 सितंबर, 2021** तक बढ़ाई है।
नोट: इससे पहले, दिसंबर 2020 में, RBI ने RRB, NBFC और पेमेंट गेटवे सहित सभी बैंकों को निर्देश दिया था कि कार्ड या प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (PPI) या यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस का उपयोग करके आवर्ती लेनदेन (घरेलू या सीमा-पार) की प्रॉसेसिंग 31 मार्च, 2021 के बाद जारी नहीं रहेगी यदि वे अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक (AFA) का अनुपालन नहीं करते हैं।
11. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की छठी वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व **निर्मला सीतारमण** ने किया।
नोट: केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) में भारत की गवर्नर श्रीमती निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की छठी वार्षिक बैठक में भाग लिया। बैठक में ब्राजील,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के गवर्नर/ वैकल्पिक गवर्नर भी उपस्थित थे।

12. नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (NIIFL) ने **मणिपाल हॉस्पिटल्स** में 2100 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उसका पहला निवेश है।
नोट: NIIFL को मणिपाल हॉस्पिटल्स में अल्प हिस्सेदारी मिलेगी क्योंकि मणिपाल एजुकेशन एंड मेडिकल ग्रुप के चेयरमैन रंजन पाई कंपनी में अपनी अल्प हिस्सेदारी बेच रहे हैं। जनवरी 2021 में मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल का अधिग्रहण किया। यह निवेश मणिपाल हॉस्पिटल्स को भारत की सबसे बड़ी अस्पताल श्रृंखला बनने के लिए उनके विकास के सफर में सहायता करेगा। NIIFL तीन फंड (मास्टर फंड, फंड ऑफ फंड्स और स्ट्रैटेजिक अपॉर्च्युनिटी फंड) में 4.5 बिलियन डॉलर से अधिक की इक्विटी पूंजी प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करता है।

13. **यस बैंक** ने महाराष्ट्र के मुंबई के सांताक्रूज स्थित रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (RInfra) का रिलायंस सेंटर 1200 करोड़ रुपये में खरीदा है।
नोट: सांताक्रूज़ में 21432.28 वर्ग मीटर भूखंड के कार्यालय भवन की बिक्री का उपयोग यस बैंक के ऋण को चुकाने के लिए किया जाएगा। सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रेस्ट (SARFAESI) अधिनियम 2002 के तहत, यस बैंक ने 6 मई 2020 को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 2,892 करोड़ रुपये के ऋणों का भुगतान नहीं करने को लेकर डिमांड नोटिस जारी किया।

14. डिजिटल पेमेंट कंपनी **फोनपे** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) इन्फ्रास्ट्रक्चर पर एक बिलियन लेनदेन को पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है।
नोट: कंपनी ने मार्च 2021 में यह उपलब्धि हासिल की, जब वॉलेट, कार्ड और साथ ही UPI भुगतान साधनों में उसके प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.3 बिलियन के आसपास था। फोनपे, जिसने पहली बार पिछले वर्ष दिसंबर में UPI पर बाजार नेतृत्व हासिल किया था, ने बढ़ते व्यापारी भुगतानों के पीछे अपने लेन-देन की संख्या में लगातार वृद्धि देखी है।

15. **ICICI बैंक** ने फोनपे ऐप पर UPI का उपयोग करके फास्टैग जारी करने के लिए डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे के साथ भागीदारी की है।
नोट: यह समझौता 280 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को ऐप पर फास्टैग को आसानी से ऑर्डर करने और ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है। फोनपे उपयोगकर्ता, जो किसी भी बैंक के ग्राहक हो सकते हैं, के पास पूर्ण डिजिटल अनुभव होगा क्योंकि उन्हें फास्टैग खरीदने के लिए स्टोर या टोल स्थानों पर नहीं जाना होगा। ICICI बैंक फास्टैग जारी करने के लिए फोनपे के साथ साझेदारी करने वाला पहला बैंक है।

16. IMF द्वारा जारी नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए विकास पूर्वानुमान **12.5%** है।
नोट: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021-22 हेतु भारत के लिए विकास पूर्वानुमान को 12.5% तक सुधारा है। IMF ने इस वर्ष जनवरी में अनुमानित 5.5% की दर से ऊपर, वैश्विक अर्थव्यवस्था के 6% से विस्तार करने का अनुमान लगाया है।

17. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित नेगोशिएबल वेयरहाउस रिसिप्ट (NWR) / इलेक्ट्रॉनिक-NWR (e-NWRs) के सामने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (PSL) के अंतर्गत नई ऋण सीमा **75 लाख रुपये** है।
नोट: कृषि उपज की गिरवी/ दृष्टिबंधन के सामने किसानों को अधिक ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने, और किसानों द्वारा इस तरह के वित्त का लाभ उठाने के लिए एक पसंदीदा साधन के रूप में विनियमित वेयरहाउसों द्वारा जारी NWR/ eNWR के उपयोग को

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रोत्साहित करने के लिए, NWRs/eNWRs पर ऋण के लिए PSL सीमा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये प्रति उधारकर्ता कर दी गई है। NWR/ eNWR के अलावा वेयरहाउस रिसिप्ट द्वारा समर्थित PSL सीमा 50 लाख रुपये प्रति उधारकर्ता जारी रहेगी।

18. भारतीय रिजर्व बैंक ने दिन की समाप्ति पर पेमेंट बैंक में रखे गई अधिकतम शेष राशि की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर **2.0 लाख रुपये** कर दी गई है।
नोट: इससे पहले, सीमा 1 लाख रुपये थी। पेमेंट बैंक का लक्ष्य विशेषकर बचत खातों और भुगतान सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाना है। केंद्रीय बैंक ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए देश में पेमेंट बैंक शुरू किए थे।

19. अप्रैल 2021 तक, राज्य सरकारों/ केंद्रशासित क्षेत्रों के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) की बढ़ी हुई सीमा **47,010 करोड़ रुपये** है।
नोट: केंद्रीय बैंक अपने अर्थोपाय ऋण (WMA) तंत्र के तहत सरकारों को यह सहायता प्रदान करता है। 32,225 करोड़ की पिछली सीमा की तुलना में नई सीमा 47,010 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। WMA दो प्रकार के होते हैं - सामान्य और विशेष। जहां सामान्य WMA बेजमानती अग्रिम है, वहीं विशेष WMA सुरक्षित अग्रिम है जो सरकारी प्रतिभूतियों के न्यास के खिलाफ प्रदान किए जाते हैं।

20. **सुधीर श्रीवास्तव समिति** की सिफारिश पर, RBI ने राज्य सरकारों/ केंद्रशासित प्रदेशों के लिए अर्थोपाय ऋण (WMA) सीमा 32,225 करोड़ रुपये (फरवरी 2016 में निर्धारित) से बढ़ाकर 47,010 करोड़ रुपए कर दी है।
नोट: यह लगभग 46% की वृद्धि को दर्शाता है। WMA दो प्रकार के होते हैं - सामान्य और विशेष। जहां सामान्य WMA बेजमानती अग्रिम है, वहीं विशेष WMA सुरक्षित अग्रिम है जो सरकारी प्रतिभूतियों के न्यास के खिलाफ प्रदान किए जाते हैं। इससे पहले महीने में, RBI ने वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही के लिए केंद्र सरकार की WMA सीमा 1,20,000 करोड़ रुपये निर्धारित की थी।

21. **RBI** ने बहु मापदंडों के आधार पर वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI सूचकांक) की रचना और प्रकाशन का प्रस्ताव दिया है।
नोट: RBI ने बहु मापदंडों के आधार पर वित्तीय समावेशन सूचकांक (FI सूचकांक) की रचना और प्रकाशन का प्रस्ताव पेश किया है। यह पिछले मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए हर वर्ष जुलाई में प्रकाशित किया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में, बैंकिंग नियामक ने वित्तीय समावेशन बढ़ाने और बैंक रहितों तक पहुंच के लिए कई उपायों की घोषणा की है। पिछले वर्ष, RBI ने भारत के लिए राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन कार्यनीति 2019-2024 जारी की थी।

22. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किए गए "मधुक्रान्तिपोर्टल" के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार **इंडियन बैंक** है।
नोट: इस पोर्टल को डिजिटल पोर्टल पर शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विकसित किया जा रहा है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार इंडियन बैंक है। इस परियोजना के लिए NBB और इंडियन बैंक के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

23. मारुति सुजुकी ने ग्राहकों को ऑटो फाइनेंस प्रदान करने के लिए **कर्नाटक बैंक** के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
नोट: इस समझौते के दायरे में, मारुति सुजुकी कार खरीदने वाले लोग पूरे भारत में कर्नाटक बैंक की 858 शाखाओं में इस कार ऋण सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस साझेदारी का उद्देश्य हमारे ग्राहकों के लिए वाहन खरीदने की राह को आसान और किफायती बनाना है। त्वरित तकनीकी विकास और नए डिजिटल उपभोक्ता

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

आचरण पूरे भारत में ऑटो बिक्री का निर्धारण कर रहे हैं।

24. **एक्सिस बैंक,** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में सामूहिक रूप से 12.99% हिस्सेदारी के अधिग्रहण को पूरा करने के बाद, कंपनी में सह-प्रवर्तक बन गया है।
नोट: ऋणदाता ने कहा कि एक्सिस बैंक और उसकी दो सहायक कंपनियां- एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड - समझौता पूरा होने के बाद मैक्स लाइफ में सामूहिक रूप से 12.99% हिस्सेदारी की स्वामित्वधारक होंगी। इस लेन-देन के समापन के साथ, मैक्स लाइफ बोर्ड को बोर्ड में एक्सिस इकाईयों के तीन नामित निदेशकों के साथ और मजबूत किया जाएगा।

25. **HDFC बैंक** ने अपने स्मार्टअप ग्रांट 2021 के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे 21 स्टार्टअप को अनुदान दिया है।
नोट: सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत 300 आवेदकों में से 21 स्टार्टअप को कठिन जांच प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया। बैंक ने 2017 में स्मार्टअप अनुदान की स्थापना की। इसने संपूर्ण भारत के विभिन्न शहरों से अब तक 87 स्टार्टअप की सहायता की है। HDFC बैंक ने विजेताओं को शॉर्टलिस्ट करने के लिए IIT दिल्ली, IIM काशीपुर, AIC-BIMTECH, IIT BHU, GUSEC, C-CAMP, बनस्थली यूनिवर्सिटी आदि के साथ साझेदारी की है।

26. तमिलनाडु में चेन्नई-कन्याकुमारी औद्योगिक गलियारे (CKIC) में ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी और सड़क रखरखाव को बेहतर बनाने हेतु 484 मिलियन USD **एशियाई विकास बैंक** ने मंजूर किए हैं।
नोट: CKIC भारत के पूर्वी तट आर्थिक गलियारे का भाग है। यह पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक फैला है और भारत को दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया के उत्पादन नेटवर्क से जोड़ता है। परियोजना CKIC प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 590 किमी के राज्य राजमार्गों को उन्नत बनाएगी।

27. **गाजियाबाद नगर निगम** ने देश का पहला ग्रीन बांड जारी किया है।
नोट: उत्तर प्रदेश में एक नगर निकाय गाजियाबाद नगर निगम ने ग्रीन बॉन्ड जारी करके 150 करोड़ रुपये जुटाए हैं और आमदनी का उपयोग गाजियाबाद में उद्योगों को लाभ पहुंचाने हेतु तृतीयक जल उपचार संयंत्र के लिए किया जाएगा। निगम को नगरपालिका बांडों के माध्यम से धन जुटाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 19.5 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी मिली।

28. एक डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म FlexiLoans.com ने MSME और फ्रीलांसर्स को संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए **पेपल** के साथ भागीदारी की है।
नोट: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) पर केंद्रित एक डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म FlexiLoans.com ने MSME, फ्रीलांसरों, महिला उद्यमियों और एकल प्रोपराइटरों को संपार्श्विक-मुक्त व्यवसाय ऋण प्रदान करने के लिए एक अग्रणी डिजिटल भुगतान कंपनी पेपल के साथ भागीदारी की। यह साझेदारी उन भारतीय व्यापारियों को अभिनव ऋण समाधान क्षमताएं प्रदान करने के लिए पेपल की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जो पेपल का उपयोग करके सीमा पार विक्रय करते हैं।

29. भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने बैंकएश्योरेंस साझेदारी के लिए **फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक** के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत बैंक अपने ग्राहकों को बीमा पॉलिसियां बेचेगा।
नोट: साझेदारी के तहत, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस देश भर में फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक की 747 शाखाओं और डिजिटल नेटवर्क पर बैंक के ग्राहकों को सुरक्षा, बचत और निवेश योजनाओं सहित विभिन्न जीवन बीमा उत्पादों की पेशकश करेगा। यह समझौता फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के 26.5 लाख से अधिक ग्राहकों को जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराएगा और उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

30. **एयरटेल पेमेंट्स बैंक** भुगतान बैंक ने अपना नया 'रिवार्ड्स 123' बचत खाता लॉन्च किया है, जो ग्राहकों को अनुलाभ और पुरस्कार प्रदान करता है।
नोट: रिवार्ड्स 123 बचत खाता विशेष रूप से तैयार किया गया है जो आपको बचत करने और डिजिटल लेन-देन पर कई प्रकार के अनुलाभ प्रदान करता है। कंपनी का दावा है कि उसका नया शुरू किया गया बचत खाता पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के डिजिटल लेनदेन पर सुनिश्चित पुरस्कार के साथ, सुसंगत मूल्य प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

31. नीति आयोग ने **ICICI बैंक** के साथ मिलकर अपनी तरह की पहली ऑनलाइन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन (ODR) हैंडबुक तैयार की है, जिसे सुप्रीम कोर्ट के जज डी.वाई. चंद्रचूड़ ने विमोचित किया है।
नोट: सुप्रीम कोर्ट के जज डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अगामी और ओमिडयार नेटवर्क इंडिया द्वारा विकसित अपनी तरह की पहली ऑनलाइन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन (ODR) हैंडबुक जारी की। हैंडबुक को ICICI बैंक, अशोका इनोवेटर्स फॉर द पब्लिक, ट्राईलीगल, डेलबर्ग, दवारा और NIPFP के सहयोग से नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) द्वारा विकसित किया गया था। ODR हैंडबुक एक व्यक्ति को ODR सफलतापूर्वक अपनाने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि और ज्ञान प्रदान करता है।

32. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 के अंत में भारत के कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का **90 प्रतिशत** है।
नोट: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने कोविड-19 अवधि के दौरान भारत के कर्ज तथा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अनुपात 74 प्रतिशत (2019 के अंत में) से बढ़कर 90 प्रतिशत (2020 के अंत में) होने की सूचना दी है। IMF के आधारभूत पूर्वानुमान के आधार पर, यह हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था की बहाली के कारण भारत के 'ऋण और GDP अनुपात' में 80 प्रतिशत तक की गिरावट की उम्मीद करता है। IMF ने भारत को विशेष रूप से, सबसे कमजोर लोगों और कंपनियों की सहायता करने का सुझाव दिया है।

33. स्विचऑन फाउंडेशन ने सीमांत किसानों को सोलर पंप खरीदने हेतु वित्त प्रदान करने के लिए **पंजाब नेशनल बैंक** के साथ साझेदारी की है।
नोट: PNB स्विचऑन फाउंडेशन के फर्स्ट लॉस डिफॉल्ट गारंटी फंड के माध्यम से सोलर पंप का वित्तपोषण करेगा। इस फंड का मूल उद्देश्य बिना किसी संपार्श्विक के बैंक रहित छोटे सीमांत किसानों की मदद करना और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

34. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने देश के सहकारियों को भविष्य में ऋण प्रदान के लिए **इ्यूश बैंक** के साथ 600 करोड़ रुपये का ऋण प्रतिभूत किया है।
नोट: इस संबंध में एक समझौता NCDC और जर्मनी के सबसे बड़े बैंक इ्यूश बैंक के बीच हुआ। देश में स्थापित किए जा रहे किसान उत्पादक संगठन ICC और इ्यूश बैंक के साथ NCDC के समझौतों के माध्यम से आसान ऋण और बाजार पहुंच हासिल करने में सक्षम होंगे, जिससे लघु और सीमांत किसानों को मदद मिलेगी।

35. राष्ट्रीय आवास बैंक ने हाल ही में आवास वित्त कंपनियों और अन्य पात्र प्राथमिक ऋण संस्थानों को अल्पकालिक पुनर्वित्त सहायता प्रदान करने के लिए अपनी "विशेष पुनर्वित्त सुविधा", 2021 के तहत **10,000 करोड़ रुपये** की राशि का आवंटन किया है।
नोट: SRF 2021 का उद्देश्य, HFC और अन्य पात्र PLI को लचीले नियमों और शर्तों पर अल्पकालिक पुनर्वित्त सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत आवंटित कुल राशि 10,000 करोड़ रुपये होगी। यह सुविधा सार्वजनिक ऋण संस्थानों में अल्पकालिक चलनिधि आवश्यकता को पूरा करने में सहायता करेगी।

36. भारत सरकार ने **1 जून 2021** से सोने की कलाकृतियों और गहनों की अनिवार्य हॉलमार्किंग की घोषणा की है।
नोट: नवंबर 2019 में, सरकार ने घोषणा की थी कि 15 जनवरी 2021 से देश भर में सोने के आभूषण और कलाकृतियों की हॉलमार्किंग अनिवार्य कर दी जाएगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लेकिन कोविड-19 महामारी को देखते हुए ज्वैलर्स द्वारा समय बढ़ाने की मांग के बाद समय सीमा चार महीने के लिए बढ़ा दी गई थी।

37. IRDAI (रेगुलेटरी सैंडबॉक्स) (संशोधन) विनियम, 2021 के अनुसार, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने रेगुलेटरी सैंडबॉक्स की वैधता **2 वर्ष से** बढ़ा दी है।

नोट: 25 जुलाई, 2021 के निर्धारित समय के भीतर अधिकांश स्वीकृत प्रयोग (कोविड-19 के कारण) पूरे नहीं हो सकते हैं। समय अवधि के इस विस्तार से आवेदक अपने मौजूदा सैंडबॉक्स प्रयोगों को पूरा करने में सक्षम होंगे और नए सैंडबॉक्स प्रस्तावों को भी अनुमति मिलेगी।

38. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (APSEZ) लिमिटेड द्वारा गंगावराम पोर्ट लिमिटेड (GPL) की **89.6 प्रतिशत** इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

नोट: प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत अधिग्रहण को मंजूरी दी गई थी। APSEZ लिमिटेड ने DVS राजू एंड फैमिली से GPL की नियंत्रित हिस्सेदारी 3604 करोड़ रुपये में हासिल की है। APSEZ ने DVS राजू एंड फैमिली से GPL की 58.1 प्रतिशत हिस्सेदारी और वारबर्ग पिंकस की 31.5 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

39. ई-कॉमर्स कंपनी, **फ्लिपकार्ट** ने भारत में सबसे पुराने ट्रैवल बुकिंग पोर्टल्स में से एक क्लियरट्रिप में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की।

नोट: क्लियरट्रिप एक अलग ब्रांड के रूप में काम करना जारी रखेगा और फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर प्रौद्योगिकी समाधानों को विकसित करने का काम करेगा। यद्यपि अधिग्रहण की शर्तों का खुलासा नहीं किया गया था, लेकिन सौदे में नकदी और इक्विटी का मिश्रण होने की संभावना है, जो आपात बिक्री के समय ऑनलाइन ट्रैवल एजेंट का संभावित मूल्यांकन लगभग 40 मिलियन डॉलर करता है।

40. सोशल मीडिया कंपनी **फेसबुक** ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा खरीद के लिए एक स्थानीय कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजना से करार किया है, जो कंपनी का देश में पहला ऐसा समझौता है।

नोट: कर्नाटक में स्थित 32 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना, पवन और सौर परियोजनाओं के एक बड़े समूह का हिस्सा है, जिसके लिए फेसबुक और मुंबई स्थित क्लीनमैक्स भारत की इलेक्ट्रिकल ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति हेतु मिलकर काम कर रहे हैं। क्लीनमैक्स परियोजनाओं का स्वामित्व धारक होगा और परिचालन करेगा, जबकि फेसबुक पर्यावरण विशेषता प्रमाण पत्र, या कार्बन क्रेडिट का उपयोग करके ग्रिड से बिजली खरीदेगा।

41. ओबेरॉय ग्रुप ने अपनी संपत्तियों में स्वच्छ ऊर्जा दक्षता पहलों को लागू करके अपने समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: EESL ऊर्जा बचाने और उत्सर्जन कम करने के अवसरों के मूल्यांकन के लिए ओबेरॉय ग्रुप होटल्स के साथ मिलकर काम करेगा। यह भारत सरकार की ऊर्जा सेवा कंपनी (ESCO) और दुनिया की सबसे बड़ी ESCO है। यह 4 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) - NTPC लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, REC लिमिटेड और पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है और EESL विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है।

42. भारतीय वित्तीय संस्थानों की संकटग्रस्त संपत्तियों के समाधान में मदद करने के लिए **इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (IFC)** जे.फ्लॉवर्स इंडिया अपॉर्च्युनिटीज फंड में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।

नोट: यह निवेश भारत में IFC के डिस्ट्रेस्ड एसेट रिकवरी प्रोग्राम (DARP) का हिस्सा है। प्रारंभ में, IFC 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। यह घरेलू उधारदाताओं (भारत में ऋणदाताओं) को अपनी

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

संकटग्रस्त संपत्ति का समाधान करने और नए ऋण देने के लिए पूंजी को मुक्त करने में मदद करेगा। यह मध्यम आकार की कंपनियों को नौकरियां सुरक्षित करने और महामारी के दौरान दिवालिया होने से बचने की सुविधा प्रदान करेगा।

43. **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक** ने अपनी डिजिटल पैठ को मजबूत करने और अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत ऋण के लिए तैयार करने हेतु फाइनटेक कंपनी NIRA के साथ साझेदारी की है।
नोट: यह USFB की पहली डिजिटल ऋण साझेदारी थी। वेतनभोगी ग्राहक NIRA ऐप का उपयोग करके व्यक्तिगत ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो निम्न-आय वाले वेतनभोगी वर्ग को निधि देगा। इसका उद्देश्य व्यक्तिगत ऋण के माध्यम से असेवित और अनर्जित ग्राहकों की सेवा करना है।

44. **एक्सिस बैंक** ने अपने ग्राहकों को 'सेंड मनी अब्रॉड' के माध्यम से 150 देशों में 100 से अधिक मुद्राओं में इंटरनेशनल फंड ट्रांसफर (विदेश में पैसा भेजना) करने की अनुमति दी है।
नोट: उपयोगकर्ता किसी भी प्रयोजनों जैसे कि शिक्षा शुल्क भुगतान, परिवार के भरण-पोषण, और स्वास्थ्य संबंधी खर्चों के लिए 25,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 18.63 लाख रुपये) प्रति लेनदेन तक भेज सकते हैं। एक्सिस बैंक सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT) मोड के माध्यम से वैश्विक बैंकों को धन हस्तांतरित करता है। SWIFT एक कोऑपरेटिव है जो सुरक्षित वित्तीय लेनदेन प्रदान करता है क्योंकि यह प्रत्येक वित्तीय संगठन के लिए या तो 8 अक्षरों या 11 अक्षरों का एक अद्वितीय कोड प्रदान करता है।

45. **माइक्रोसॉफ्ट** ने 19.7 बिलियन डॉलर में AI स्पीच टेक फर्म नुएंस खरीदी है।
नोट: इस कदम से माइक्रोसॉफ्ट को आवाज पहचानने में मदद मिलेगी और इसे स्वास्थ्य देखभाल बाजार में प्रोत्साहन प्रदान करेगी। नुएंस अपने ड्रैगन सॉफ्टवेयर के लिए प्रख्यात है जो डीप लर्निंग का उपयोग करके भाषण प्रतिलेखन में मदद करता है। 2016 में, माइक्रोसॉफ्ट ने लिंक्डइन को 26 बिलियन डॉलर में खरीदा था।

46. **आरबीएल बैंक** ने मोबाइल आधारित उपभोक्ता-अनुकूल भुगतान समाधान 'पे बाय बैंक ऐप' जो भारत में अपनी तरह की पहली भुगतान कार्यात्मकता है, को लॉन्च करने के लिए मास्टर-कार्ड के साथ साझेदारी की है।
नोट: RBL बैंक के खाताधारक अब अपने मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के माध्यम से स्टोर और ऑनलाइन मोड में दुनिया भर में संपर्क रहित लेनदेन का आनंद उठा सकते हैं। यह कार्यात्मकता मास्टरकार्ड स्वीकार करने वाले दुनिया भर के सभी मर्चेंट पर उपलब्ध होगी, जो संपर्क रहित और ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करते हैं।

47. भारतीय रिजर्व बैंक ने **सुदर्शन सेन** की अध्यक्षता में वित्तीय क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (ARC) के कामकाज की व्यापक समीक्षा हेतु एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया है।
नोट: छह सदस्यीय समिति की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व कार्यकारी निदेशक, सुदर्शन सेन करेंगे। समिति की संदर्भ शर्तों के अनुसार, समिति ARC पर लागू मौजूदा कानूनी और नियामक ढांचे की समीक्षा करेगी और ARC की क्षमता में सुधार के उपायों की सिफारिश करेगी।

48. राष्ट्र के स्वामित्व वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने डिजिटल भुगतान सुविधा के लिए **पेटीएम** को नियुक्त किया है।
नोट: नए अनुबंध के लिए एक सरल भुगतान प्रक्रिया, व्यापक भुगतान विकल्प विविधता और भुगतान चैनलों में अधिक कंपनियों (बैंकों, वॉलेट आदि) को जोड़ने की आवश्यकता है। LIC ने महामारी के बाद डिजिटल भुगतान में वृद्धि देखी है। निगम डिजिटल मोड से 60,000 करोड़ रुपये का प्रीमियम संग्रह करता है, जिसमें बैंकों के माध्यम से किया गया भुगतान शामिल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नहीं है। इसमें लगभग 8 करोड़ डिजिटल लेनदेन देखे गए हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।

49. **एडीबी** ने बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वाले परिवारों को आवास ऋण प्रदान करने के लिए माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (MFI) की सहायता हेतु हैबिटाट फॉर ह्यूमैनिटी इंटरनेशनल के साथ भागीदारी की है।

नोट: अर्ध-स्थायी संरचनाओं को उन्नत बनाकर और स्वच्छता एवं पेयजल कनेक्शन स्थापित करके निर्माण की गुणवत्ता और जलवायु लचीलापन में सुधार के लिए, पहले चरण में साथी MFI द्वारा लगभग 20,000 परिवारों को ऋण दिया जाएगा। पहले चरण में वाणिज्यिक बैंक MFI को आवास ऋण हेतु 30 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण प्रदान करेंगे।

50. डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी **फोनपे** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) पर 1 बिलियन लेनदेन पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है।

नोट: कंपनी ने मार्च 2021 में वॉलेट, कार्ड और UPI भुगतान पेशकश में अपने प्लेटफॉर्म पर 1.3 बिलियन से अधिक लेनदेन को पार किया। फोनपे ने UPI लेनदेन में फरवरी 2021 में 975.53 मिलियन तक वृद्धि देखी है जो दिसंबर 2020 में 902.03 मिलियन थी।

51. एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (AICIL) ने ग्रामीण भारत में बीमा पैठ बनाने के लिए **ग्रैमकवर** बीमा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य उपयोगी ग्रामीण बीमा उत्पादों को पहचानना और विकसित करना है जो किसानों की सहायता कर सकें। इसका उद्देश्य भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कवरेज को भी बढ़ाना है। इस साझेदारी के तहत उन्होंने लगभग 25 मिलियन किसानों तक पहुंचने की योजना बनाई है।

52. जे.एन. पोर्ट कंटेनर टर्मिनल (JNPCT) के निजीकरण के लिए जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (JNPT) द्वारा लेनदेन सलाहकार के रूप में **SBI कैपिटल मार्केट लिमिटेड** को नियुक्त किया है।

नोट: JNPT ने दिसंबर 2020 में सार्वजनिक-निजी-साझेदारी (PPP) मार्ग के माध्यम से JNPCT के निजीकरण की योजना बनाई थी, और इसका मूल्यांकन बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग (MoPSW) मंत्रालय में स्थायी वित्त समिति (SFC) द्वारा किया गया था। JNPT ने SBI कैप्स को PPP परियोजना के लेनदेन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है, जिसकी लागत 863.31 करोड़ रुपये है। यह JNPT के पांच कंटेनर टर्मिनलों में से एक है और इसने एक वर्ष में 1.35 मिलियन ट्वेंटी-फुट इक्यूवैलेंट यूनिट (TEU) प्रबंधित की हैं (वित्तीय वर्ष 20 में 718,863 TEU से वित्त वर्ष 21 में 544,027 TEU)।

53. हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (HDFC) लिमिटेड ने **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के साथ एक रणनीतिक सह-ऋण साझेदारी की है।

नोट: योजना के अंतर्गत ऋण 80:20 के वित्तपोषण अनुपात में होगा जिसमें 80% ऋण HDFC की ओर से और 20% ऋण इंडियाबुल्स HFL की ओर से होगा। इंडियाबुल्स ऋण की पूरी अवधि में ऋण खाते की सेवा प्रदान करेगा और यह प्रत्यक्ष जोखिम के माध्यम से 20% ऋण जोखिम नियंत्रित रखता है।

54. सिटी बैंक के बाहर जाने के एक सप्ताह के भीतर **फर्स्ट रैंड बैंक** ने भारत से अपनी बैंकिंग सेवाएं वापस लेने का फैसला किया है।

नोट: यह दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। फर्स्ट रैंड ने 2009 के अंत में भारत में अपनी बैंकिंग सेवा शुरू की थी, लेकिन इसने व्यक्तिगत ग्राहकों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को ऋण देना 2012 में शुरू किया था। बैंक का एकमात्र कार्यालय मुंबई में है और फर्स्ट रैंड बैंक साउथ अफ्रीका की एक शाखा के रूप में कार्य करता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

55. **यस बैंक और ICICI बैंक** के साथ साझेदारी में ऐसवेयर फिनटेक सर्विसेज ने केरल का पहला नियोबैंक ऐस मनी नियोबैंक लॉन्च किया।
नोट: ऐस मनी के तहत, स्टार्ट-अप, मर्चेंट और एंटरप्राइज इकाइयां कॉर्पोरेट के अनुरूप चालू खाते खोल सकते हैं। चेकबुक किराना, मर्चेंट, केमिस्ट जैसे लघु व्यवसाय के मालिकों, और अन्य परिचालित प्रोपराइटरशिप के लिए भारत का पहला नियोबैंक है।

56. **इंडियन ओवरसीज बैंक** ने एक बहुराष्ट्रीय पेशेवर सर्विस नेटवर्क अर्न्स्ट एंड यंग ग्लोबल लिमिटेड को अपना डिजिटल सलाहकार नियुक्त किया है।
नोट: यह साझेदारी IOB की बैंकिंग सेवाओं को डिजिटल रूप में बदलने के लिए IOB की विकास कार्यनीति का एक हिस्सा है। साझेदारी का उद्देश्य बाजार में IOB के डिजिटल शेयर को बढ़ाना और ग्राहकों को आकर्षित करना है। डिजिटल सलाहकार IOB को नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने और उन्हें अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने तथा अपने ग्राहकों को सेवा गुणवत्ता और वितरण बढ़ाने में सहायता करेगा।

57. **डीसीबी बैंक** ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) टेकफिनो कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (TCPL) में 9 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।
नोट: TCPL शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में तदनुकूल उपभोक्ता ऋण प्रदान करता है और यह पूरे भारत के प्रमुख महानगरों और टियर -2 शहरों में मौजूद है। TCPL द्वारा जुटाई गई निधि का उपयोग ग्राहकों को ऋण देने के अलावा इसके वर्तमान टेक स्टैक की वृद्धि में किया जाएगा।

58. भारतीय आईटी कंपनी **टेक महिंद्रा** ने अमेरिका स्थित हाइब्रिड क्लाउड और देवऑप्स सेवा प्रदाता Digital OnUS में रिटेंशन बोनस और अर्नआउट पेमेंट सहित 120 मिलियन डॉलर में पूरी हिस्सेदारी हासिल की है।
नोट: आईटी कंपनी टेक महिंद्रा ने अमेरिका स्थित हाइब्रिड क्लाउड और देवऑप्स सेवा प्रदाता Digital OnUS में रिटेंशन बोनस और अर्नआउट पेमेंट सहित 120 मिलियन डॉलर में पूरी हिस्सेदारी हासिल की है। अधिग्रहण से टेक महिंद्रा के क्लाउड-नेटिव डेवलपमेंट, हाइब्रिड क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर और साइट रिलायबिलिटी इंजीनियरिंग ऑटोमेशन मजबूत होगा। लेनदेन 15 मई तक बंद होने की उम्मीद है।

59. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प और डायनर्स क्लब इंटरनेशनल लिमिटेड** को स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा पर निर्देशों का पालन न करने के कारण 1 मई, 2021 से अपने कार्ड नेटवर्क पर नए घरेलू ग्राहकों की ऑन-बोर्डिंग से प्रतिबंधित कर दिया है।
नोट: अमेरिकन एक्सप्रेस और डायनर्स क्लब भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 (PSS अधिनियम) के तहत कार्ड नेटवर्क संचालित करने के लिए अधिकृत हैं। अप्रैल 2018 में, भुगतान प्रणाली प्रदाताओं को स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा के लिए RBI ने PSS अधिनियम के तहत कुछ नियमन किए हैं। केवल भारत में (अक्टूबर 2018 के भीतर) एक सिस्टम में भुगतान प्रणाली से संबंधित सभी डेटा (संदेश / भुगतान अनुदेश के भाग के रूप में इंड-टू-इंड लेन-देन विवरण / एकत्र / संचालित / संसाधित जानकारी) संग्रहीत करने का निर्देश दिया।

60. RBI के अनुसार निजी क्षेत्र के बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) और विदेशी बैंकों के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों सहित बैंकों में MD तथा CEO या पूर्णकालिक निदेशक के पद के लिए अधिकतम कार्यकाल **15 वर्ष** का होना चाहिए।
नोट: नियामक के अनुसार, MD तथा CEO या WTD (पूर्णकालिक निदेशक) का पद एक ही व्यक्ति द्वारा 15 वर्षों से अधिक समय तक नहीं ग्रहण किया जा सकता है। MD तथा CEO या WTD का पद 15 वर्षों से अधिक समय तक एक ही अधिकारी के पास नहीं रह सकता है। इसके बाद, एक व्यक्ति एक ही बैंक में MD तथा CEO या WTD के रूप में पुन: नियुक्ति के लिए पात्र होंगे, यदि बोर्ड द्वारा न्यूनतम तीन वर्ष के अंतराल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

के बाद अन्य शर्तों को पूरा करते आवश्यक और वांछनीय समझा जाता है।

61. अप्रैल 2021 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने **भाग्योदय फ्रेंड्स अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड** का लाइसेंस रद्द कर दिया।

नोट: ऋणशोधन पर, प्रत्येक जमाकर्ता DICGC अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अधीन DICGC से 5 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा तक जमा राशि पर जमा बीमा दावा प्राप्त करने का हकदार है। नियामक के अनुसार, बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ होगा और यदि बैंक को अपने बैंकिंग कारोबार को आगे बढ़ाने की अनुमति दी जाती है, तो सार्वजनिक हित प्रतिकूल रूप से प्रभावित होंगे।

62. ई-कॉमर्स पेमेंट प्लेटफॉर्म, **पेटीएम** ने वेल्थ कम्युनिटी नामक एक नया वीडियो-आधारित संपत्ति समुदाय लॉन्च किया है।

नोट: पेटीएम वेल्थ कम्युनिटी वीडियो पर आधारित एक निवेश समुदाय है, और "उपयोगकर्ताओं को स्टॉक, F&O, IPO, ETFs, म्युचुअल फंड, गोल्ड, फिक्स्ड इनकम और पर्सनल फाइनेंस जैसे अनेक संपत्ति विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा आयोजित लाइव सेशन में भाग लेने में सक्षम बनाएगा।

63. **मास्टर कार्ड** के साथ मिलकर BOB फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (BFSL) ने कार्डधारकों के लिए एक आसान भुगतान समाधान पेश करने के लिए ConQR - ऑन कार्ड सॉल्यूशन लॉन्च किया है।

नोट: यह समाधान एक मास्टरकार्ड पेटेंट तकनीक का उपयोग करता है जो कार्डधारकों / SME को अपने कार्ड का उपयोग करके कैशलेस भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। ऐसा करने से, कार्ड पर QR भुगतान को अधिक लचीला बनाता है और कार्डधारकों (मुख्य रूप से छोटे व्यापारियों) को उसी कार्ड पर खर्च करने और कमाने में सक्षम बनाता है।

64. सार्वजनिक क्षेत्र के **इंडियन बैंक** ने बैंक के ऋण उत्पाद Ind स्प्रिंग बोर्ड के तहत स्टार्ट-अप वित्तपोषण के लिए चेन्नई स्थित एंजेल निवेश समूह 'द चेन्नई एंजेल' के साथ समझौता किया है।

नोट: इस परियोजना के तहत, इंडियन बैंक कार्यशील पूंजी जरूरतों के लिए 50 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं का विस्तार करके स्टार्ट-अप का समर्थन करेगा और उनकी इकाइयों हेतु अचल संपत्ति के अधिग्रहण के लिए मियादी-ऋण आवश्यकताओं के लिए भी धन देगा।

65. भारतीय रिजर्व बैंक ने **महाराष्ट्र** राज्य में स्थित भाग्योदय फ्रेंड्स अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

नोट: ऋणशोधन पर, प्रत्येक जमाकर्ता DICGC अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अधीन DICGC से 5 लाख रुपये की मौद्रिक सीमा तक जमा राशि पर जमा बीमा दावा प्राप्त करने का हकदार है। नियामक के अनुसार, बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ होगा और यदि बैंक को अपने बैंकिंग कारोबार को आगे बढ़ाने की अनुमति दी जाती है, तो सार्वजनिक हित प्रतिकूल रूप से प्रभावित होंगे।

66. एक्सिस बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एक्सिस सिक्योरिटीज का प्रमुख ब्रांड 'एक्सिस डायरेक्ट' ने **स्टॉक मार्केट** में निवेश में सुविधा के लिए मोबाइल ऐप- 'एक्सिस डायरेक्ट रिंग' लॉन्च किया है

नोट: रिंग एक मजबूत ऑर्डर मैनेजमेंट और रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम पर नवीनतम टेक्नोलॉजी स्टैक पर बनाया गया है। रिंग तकनीक वास्तविक समय में 25,000 से अधिक शेयर बाजार के उपकरणों को स्कैन करती है और आपके लिए निवेश के अवसरों की पहचान करती है।

67. CII- इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) ने **2050** तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इस मिशन के तहत, भारतीय निर्माण क्षेत्र के 250 से अधिक अग्रणी संगठन अपने नए और मौजूदा भवनों के लिए नेट जीरो स्थिति प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। CII ने वर्ष 2004 में हैदराबाद में भारत की पहली प्लैटिनम रेटेड ग्रीन बिल्डिंग - CII-सोहराबजी गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर का प्रदर्शन किया, जिसने भारत में ग्रीन बिल्डिंग के चलन को तेज किया।

68. एशियाई विकास बैंक द्वारा जारी एशियन डेवलपमेंट आउटलुक, 2021 के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2021-22) में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर **11 प्रतिशत की** होगी।

नोट: वित्त वर्ष 2022 के लिए, भारत की GDP में 7% पर विस्तार होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इसने कहा कि दक्षिण एशिया के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के इस वर्ष 9.5% तक पहुंचने की उम्मीद है, जो कि 2020 में 6% के संकुचन के बाद अगले वर्ष (2022) में 6.6% पर परिमित होगा।

69. भारत सरकार द्वारा इक्विटी शेयर जारी करके भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI) में **200 करोड़ रुपये** की पूंजी डाली गई है।

नोट: पूंजी डालने के बाद, IFCI में सरकार की शेयर पूंजी 61.02 प्रतिशत से बढ़कर 63.8 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 21 के बजट में, सरकार ने IFCI को 200 करोड़ रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई थी। मार्च 2020 में भी सरकार ने 200 करोड़ रुपये डाले थे।

70. अप्रैल 2021 में जारी एशियाई विकास बैंक (ADB) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, ADB ने कोविड-19 से निपटने की प्रतिक्रिया में भारत को **1.5 बिलियन डॉलर** की राशि प्रदान की थी।

नोट: भारत को 1.5 बिलियन डॉलर का वित्त पोषण ADB द्वारा अप्रैल 2020 में घोषित किए गए 20 बिलियन डॉलर के सहायता पैकेज के माध्यम से 2020 में ADB के 16.1 बिलियन डॉलर की महामारी प्रतिक्रिया का एक हिस्सा है, जो उसने अपने 26 सदस्य देशों को महामारी के प्रबंधन में मदद करने के लिए जारी किया था। 2020 में, ADB ने कोविड-19 प्रकोप से निपटने में एशिया और प्रशांत की मदद करने और महामारी से एक हरित, संधारणीय बहाली में सहायता करने और दीर्घकालिक विकास चुनौतियों को संबोधित करने के लिए 31.6 बिलियन डॉलर प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है।

71. आईसीआईसीआई बैंक ने विशेष रूप से खुदरा व्यापारियों के लिए एक डिजिटल और संपर्क रहित बैंकिंग प्लेटफॉर्म 'मर्चेंट स्टैक' लॉन्च किया।

नोट: सेवा, जिसका नाम 'मर्चेंट स्टैक' है, देश में 2 करोड़ से अधिक खुदरा व्यापारियों को बैंकिंग सेवाएं डिजिटल रूप में प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। मर्चेंट स्टैक के तहत बैंकिंग सेवाओं में जीरो-बैलेंस चालू खाता, तत्काल ऋण सुविधा, डिजिटल स्टोर मैनेजमेंट सुविधा, लॉयल्टी प्रोग्राम और ई-कॉमर्स तथा डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के साथ समझौते जैसी मूल्य वर्धित सेवाएं शामिल होंगी।

72. HDFC बैंक 2020-21 (FY21) में कॉरपोरेट बॉन्ड सौदों के शीर्ष विन्यासक के रूप में उभरा है।

नोट: हालांकि, वित्त वर्ष 2021 की अंतिम तिमाही, अर्थात जनवरी-मार्च 2021 के लिए एक्सिस बैंक कॉरपोरेट बॉन्ड सौदों का शीर्ष विन्यासक था, जबकि HDFC अंतिम तिमाही में दूसरे स्थान पर था। एक्सिस बैंक ने 106.6 बिलियन रुपये के 16 सौदों का प्रबंधन किया जबकि HDFC बैंक ने लगभग 70.4 बिलियन रुपये के 19 सौदे किए थे।

73. एक्सिस बैंक ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (NIACL) के प्रमोटर श्रेणी से सार्वजनिक श्रेणी निवेशक में पुनर्वर्गीकरण को मंजूरी दी है।

नोट: 22 अप्रैल 2021 तक, एक्सिस बैंक की कुल निर्गत और चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 0.67 प्रतिशत NIACL के पास था। स्टॉक एक्सचेंजों, सांविधिक/विनियामक प्राधिकरणों और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन को भी पुनर्वर्गीकरण के अधीन किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

74. **इंडियन बैंक** ने एक प्रतिस्पर्धी दर पर बैंक को दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
नोट: इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक और BSNL चेन्नई टेलीफोन के मुख्य महाप्रबंधक की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इंडियन बैंक पहले से ही पूरे भारत में वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) के लिए BSNL और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (MTNL) की सेवा का उपयोग करता है।

75. आईटी कंपनी विप्रो ने वर्ष 2040 तक नेट-जीरो ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन हासिल करने की अपनी योजना घोषित की है।
नोट: कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के पेरिस समझौते के उद्देश्य और विश्व स्तर पर स्वीकृत साइंस बेस्ड टार्गेट इनिशिएटिव (SBTi) के अनुरूप हैं।

श्रद्धांजलियां

1. जापानी नोबेल पुरस्कार विजेता, इसामु अकासाकी का हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने **भौतिकी** विषय में पुरस्कार जीता था।
नोट: विश्वविद्यालय में एक प्रोफेसर अकासाकी को ऐसे आविष्कार के लिए सम्मानित किया गया था जिसने दीप्तिमान और ऊर्जा-बचत के श्वेत प्रकाश स्रोतों में योगदान दिया है, जिसे व्यापक रूप से LED लैंप के रूप में जाना जाता है। उन्हें 1997 में जापानी सरकार ने मेडल विद पर्पल रिबन से सम्मानित किया था, यह सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अकादमिक और कला विकास में योगदान दिया हो।
2. प्रसिद्ध महिला शशिकला ओम प्रकाश सहगल का हाल ही में निधन हो गया, वह अनुभवी **अभिनेत्री** थी।
नोट: उन्हें बिमला, सुजाता, आरती, अनुपमा, गुमराह, खुबसूरत, मुझसे शादी करोगी और कभी खुशी कभी गम जैसी 100 से अधिक लोकप्रिय फिल्मों में देखा गया। उन्हें 2007 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
3. प्रख्यात व्यक्ति पी. बालाचंद्रन का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **मलयालम अभिनेता** थे।
नोट: उन्हें एक अभिनेता और पटकथा लेखक के रूप में लगभग 50 मलयालम फिल्मों का श्रेय दिया जाता है। फिल्म 'त्रिवेंद्रम लॉज' में उनका किरदार उल्लेखनीय था। उन्हें पुनाराधिवासम और कम्मट्टीपाडम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पुनाराधिवासम ने एक राष्ट्रीय पुरस्कार और दो राज्य पुरस्कार जीते हैं, जबकि समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कम्मट्टीपाडम ने चार राज्य पुरस्कार जीते। उन्होंने 1989 में अपने नाटक 'पावम उस्मान' के लिए दो बड़े पुरस्कार- केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार और केरल प्रोफेशनल नाटक अवॉर्ड जीते।
4. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ भगवती सिंह का हाल ही में निधन हो गया, वह **समाजवादी पार्टी** से संबंधित थे।
नोट: जुलाई 2004 से 2010 तक समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य, भगवती सिंह समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया से प्रेरणा लेकर समाजवादी आंदोलन में शामिल हुए। भगवती सिंह मुलायम मंत्रिमंडल के सदस्य थे और बाद में जब अखिलेश यादव सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए, तब वे उनके साथ थे। उन्होंने बख्शी का तालाब में चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के प्रबंधन का नेतृत्व किया।
5. भारत की पहली महिला क्रिकेट कमेंटेटर **चंद्रा नायडू** का हाल ही में निधन हो गया।
नोट: उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियन बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) और MCC के बीच इंदौर में 1977 में हुए एक मैच के दौरान अपनी पहली कमेंट्री की थी। उन्होंने अपने

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

दिवंगत पिता जो एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर थे, पर 'सीके नायडू: ए डॉटर रिमेम्बर्स' नामक पुस्तक भी लिखी थी।

6. प्रख्यात व्यक्ति फातिमा रफीक ज़कारिया का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **पत्रकार** थीं।
नोट: उन्हें 2006 में शिक्षा में उनके काम के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। सुश्री जकारिया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, को 1983 में पत्रकारिता के लिए सरोजिनी नायडू इंटीग्रेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।
7. प्रख्यात व्यक्ति रैमसे क्लार्क का हाल ही में निधन हो गया, वह **अमेरिका** के पूर्व अटॉर्नी जनरल थे।
नोट: क्लार्क 1965 के ऐतिहासिक मतदान अधिकार अधिनियम और 1968 के नागरिक अधिकार अधिनियम के वास्तुकार में से एक थे। अलोकप्रिय कारणों के द्योतक एक लंबे कैरियर में, क्लार्क ने लीबिया के नेता कर्नल मुअम्मर गद्दाफी, यूगोस्लाव के राष्ट्रपति स्लोबोदान मिलोसेविच, लाइबेरियन राजनीतिक व्यक्ति चार्ल्स टेलर और इराक के सद्दाम हुसैन का बचाव किया या उन्हें सलाह दी।
8. प्रसिद्ध व्यक्ति सतीश कौल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेता** थे।
नोट: अभिनेता ने अपने करियर की शुरुआत 70 के दशक की शुरुआत में हिंदी और पंजाबी फिल्मों के बीच सुनियोजन के साथ की थी। उनकी लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों में राम लखन, प्यार तो होना ही था और आंटी नंबर 1 आदि शामिल हैं।
9. प्रसिद्ध खिलाड़ी और कोच संजय चक्रवर्ती का हाल ही में निधन हो गया, वह **निशानेबाजी** से संबंधित थे।
नोट: महान निशानेबाजी कोच संजय चक्रवर्ती का कोविड-19 के कारण निधन हो गया। इस द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग, अंजलि भागवत और सुमा शिरुर, दीपाली देशपांडे, अनुजा जंग और अयोनिका पॉल सहित कुछ बेहतरीन भारतीय निशानेबाजों को प्रशिक्षित किया था।
10. प्रसिद्ध खिलाड़ी बलबीर सिंह जूनियर का हाल ही में निधन हो गया, वह **हॉकी** से संबंधित थे।
नोट: 2 मई 1932 को जालंधर के संसारपुर, जिसे भारतीय हॉकी की नर्सरी भी कहा जाता है, में जन्मे बलबीर सिंह जूनियर ने बलबीर सिंह सीनियर, लेस्ली क्लॉडियस, पृथ्वीपाल सिंह, बालकिशन और चार्ल्स स्टीफन जैसे दिग्गजों के साथ खेला था। वह पंजाब राज्य हॉकी टीम के सदस्य थे और पंजाब यूनिवर्सिटी टीम की कप्तानी भी की थी।
11. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता इब्न अब्दुर रहमान का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **मानव संसाधन कार्यकर्ता** थे।
नोट: रहमान ने अपना जीवन मानवाधिकारों का बचाव करने, सैन्य तानाशाहों का विरोध करने, विधि तथा लोकतंत्र के शासन के लिए लड़ाई में बिताया। वह ईसाई और हिंदुओं सहित देश के अल्पसंख्यकों के लिए भी एक मजबूत आवाज थे। रहमान ने आयोग में शामिल होने से पहले विभिन्न समाचार पत्रों के लिए एक संपादक के रूप में काम किया। उन्होंने कई पाकिस्तानी समाचार पत्रों के लिए लेख लिखकर नियमित रूप से योगदान दिया।
12. प्रसिद्ध व्यक्ति योगेश प्रवीण का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **इतिहासकार** थे।
नोट: लखनऊ के इतिहास के बारे में अपने अपरिमित ज्ञान के कारण, योगेश प्रवीण को अवध और लखनऊ के इतिहास के विश्वकोश के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 'शतरंज के खिलाड़ी' और 'उमरावजान' जैसी कई पुस्तकें लिखीं, जिन पर बाद में फिल्म बनाई गई। एक लेखक होने के अलावा, उन्होंने फिल्म जुनून के लिए गीत भी लिखे थे।
13. प्रसिद्ध खिलाड़ी अहमद हुसैन लाला का कोविड-19 के कारण निधन हो गया, वे **फुटबॉल** के खेल से सम्बंधित थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: उन्होंने 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा। इसके अलावा, वह 1951 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। अहमद ने 1958 में जापान के टोक्यो में हुए एशियाई खेलों में भी भाग लिया, जिसमें भारत चौथे स्थान पर रहा।

14. प्रसिद्ध डॉ. ककरला सुब्बा राव, जिन्होंने निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (NIMS), हैदराबाद के पहले निदेशक के रूप में कार्य किया, का हाल ही में उनका निधन हो गया, वह एक अनुभवी **रेडियोलॉजिस्ट** थे।

नोट: राव को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2000 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। वह संयुक्त राज्य अमेरिका में तेलुगु भाषी लोगों के लिए एक छत्रीय संगठन, तेलुगु एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (TANA) के संस्थापक अध्यक्ष थे।

15. पूर्व केंद्रीय मंत्री बच्ची सिंह रावत का हाल ही में निधन हो गया है, वह **भाजपा** राजनीतिक दल से जुड़े थे।

नोट: वह उत्तराखंड में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ निर्वाचन क्षेत्र से चार बार के सांसद थे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था।

16. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुमित्रा भावे का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **फिल्म निर्माता** थीं।

नोट: वह अपनी अलग सोच और अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने के लिए जानी जाती थीं। सुमित्रा और सुनील की जोड़ी ने एक साथ कई लोकप्रिय फिल्मों जैसे दोघी, दहावी फा, वास्तुपुरुष, देवराई, बाधा, एक कप चाय, संहिता, अस्तू, कासव का निर्देशन किया।

17. अनुभवी लेखक गंजम वेंकट सुब्बियाह का हाल ही में निधन हो गया; वह **कन्नड़** भाषा के लेखक थे।

नोट: उन्हें आमतौर पर अपने साहित्यिक मंडल में कन्नड़ भाषा और संस्कृति के चलते-फिरते विश्वकोश के रूप में जाना जाता था। प्रोफेसर जी. वेंकटसुब्बियाह ने 12 शब्दकोशों का संकलन किया और लगभग 60 पुस्तकें लिखीं। उन्हें कन्नड़ साहित्य, कविता, निबंध और अनुवाद में निपुणता के लिए 2017 में पद्मश्री मिला।

18. प्रसिद्ध व्यक्ति चार्ल्स गेश्के का हाल ही में निधन हो गया, वे एक कंप्यूटर वैज्ञानिक और **एडोब इंक** कंपनी के संस्थापक थे।

नोट: अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक चार्ल्स गेश्के, जिन्हें ग्राफिक्स और पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब इंक के सह-संस्थापक के रूप में जाना जाता है, का निधन हो गया है। गेश्के ने 1982 में साथी जॉन वॉरनॉक के साथ एडोब कंपनी की सह-स्थापना की। गेश्के, जिन्हें व्यापक रूप से चक के नाम से जाना जाता था, ने लोकप्रिय पोर्टेबल डाक्यूमेंट फॉर्मेट (PDF) को विकसित करने में भी मदद की।

19. भारतीय बैंकिंग सुधार के जनक के रूप में विख्यात भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर, **मैदावोलु सरसिम्हन** का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह RBI के 13वें गवर्नर थे और 2 मई, 1977 से 30 नवंबर, 1977 तक सेवा में रहे। वह बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों पर दो उच्चस्तरीय समितियों के अध्यक्ष होने के लिए जाने जाते थे।

20. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, राजनयिक, और वकील वाल्टर मोंडेल का हाल ही में निधन हो गया, वह अमेरिका के पूर्व उप-राष्ट्रपति थे।

नोट: अमेरिका के 42वें उप-राष्ट्रपति के रूप में कार्य करने वाले पूर्व अमेरिकी राजनेता, राजनयिक और वकील वाल्टर मोंडेल का निधन हो गया। उन्होंने राष्ट्रपति जिमी कार्टर के कार्यकाल में 1977 से 1981 तक उप-राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। उन्होंने बिल क्लिंटन के अंतर्गत 1993 से 1996 तक जापान में अमेरिकी राजदूत के रूप में भी कार्य किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

21. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ भूमिधर बर्मन का हाल ही में निधन हो गया, वह असम राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे।
नोट: भूमिधर बर्मन ने दो बार असम के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। उनका पहला कार्यकाल 22 अप्रैल 1996 से 14, मई 1996 के बीच और दूसरा कार्यकाल 2010 के दौरान था। दोनों अवधि के दौरान उन्होंने अंतरिम मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) से संबंधित थे और उन्होंने बारखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया।

22. प्रसिद्ध व्यक्ति शंख घोष का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **कवि** थे।
नोट: घोष बंगाली कविता में सबसे प्रमुख नामों में से एक थे और ऐसा कहा जाता है कि शक्ति चट्टोपाध्याय, आलोकरंजन दासगुप्ता और सुनील गंगोपाध्याय के साथ मिलकर उन्होंने 20वीं सदी के शुरुआती दौर के कवियों जैसे जिबानंद दास और बुद्धदेव बाशुदेव के साथ बैटन जारी रखा। उन्हें 2016 में ज्ञानपीठ पुरस्कार और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। टैगोर के काव्य पर एक विशेषज्ञ माने गए, घोष को उनके काव्य संग्रह बाबरेर प्रार्थना के लिए 1977 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

23. प्रसिद्ध खिलाड़ी सुहास कुलकर्णी जिनका हाल ही में निधन हो गया, **टेबल टेनिस से सम्बंधित** थे।
नोट: सक्रिय खेलों से सन्यास लेने के बाद उन्होंने कोच के रूप में खेल में योगदान दिया। वह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मास्टर्स टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खेल चुके हैं। उन्होंने इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स टीटी चैम्पियनशिप 2019 जीती।

24. पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित राजन मिश्रा का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **शास्त्रीय गायक** थे।
नोट: राजन मिश्र भारत के 'बनारस घराने' के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक थे। उन्हें 2007 में कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी प्रशंसित कृतियों में 'भैरव से भैरवी तकक', 'भक्तिमाला', 'दुर्गति नाशिनी दुर्गा', 'आरती कीजै हनुमान लला की' इत्यादि हैं।

25. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वामन भोंसले का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **फिल्म संपादक** थे।
नोट: उन्होंने "इंकार" के लिए 25वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार जीता। अपने चार दशक लंबे करियर में, उन्होंने सुभाष घई, शेखर कपूर, महेश भट्ट, गुलज़ार, राज सिप्पी, अनिल गांगुली, सुनील दत्त इत्यादि सहित कई नामी फिल्मकारों के साथ काम किया।

26. प्रख्यात व्यक्ति जगदीश खट्टर का हाल ही में निधन हो गया, वह वाहन निर्माता कंपनी, **मारुति सुज़ुकी** के पूर्व प्रबंध निदेशक थे।
नोट: एक पूर्व नौकरशाह खट्टर (79 वर्षीय) को भारतीय मोटर वाहन उद्योग के सबसे ऊंचे दर्जे के नेताओं में से एक माना जाता था, जिसने 2002 में सरकार के विनिवेश प्रारंभ करने के बाद मारुति के भविष्य के विकास की नींव रखी और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन (SMC) के साथ अपने संयुक्त उद्यम से धीरे-धीरे बाहर निकले। वह जुलाई 1993 में तत्कालीन मारुति उद्योग लिमिटेड में निदेशक (विपणन) के रूप में शामिल हुए और अगले छह वर्षों में कार्यकारी निदेशक (विपणन) बन गए।

27. प्रख्यात व्यक्ति कृष्णमूर्ति संथानम का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **परमाणु वैज्ञानिक** थे।
नोट: वह DRDO, परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) और इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (IDSA) से जुड़े हुए थे। संथानम पोखरण- II के परीक्षणों के दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के फील्ड डायरेक्टर थे। उन्हें भारत सरकार द्वारा 1999 में तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

28. प्रसिद्ध व्यक्ति और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मंजूर एहतेशाम का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **हिंदी साहित्यकार** थे।
नोट: संयोगवश, एहतेशाम की पहली कहानी का नाम 'रमज़ान की मौत' था और वर्तमान में जारी पवित्र महीने में ही उनकी मृत्यु हुई।
29. प्रसिद्ध व्यक्ति माइकल कोलिन्स का हाल ही में निधन हो गया; वह एक प्रसिद्ध **अंतरिक्ष यात्री थे**।
नोट: वह 20 जुलाई, 1969 को अपोलो 11 के कमांड मॉड्यूल में रुके रहे, जबकि नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन चंद्रमा की सतह पर उतरे और चांद पर चलने वाले पहले इंसान बने। ऐतिहासिक मिशन पर प्राय: "विस्मृत" तीसरे अंतरिक्ष यात्री के रूप में वर्णित कोलिन्स 21 घंटे से अधिक समय तक अकेले रहे, इसके बाद उनके दोनों साथी लूनर मॉड्यूल पर वापस आए।
30. पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित मनोज दास का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **लेखक** थे।
नोट: साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए मनोज दास को 2001 में पद्म श्री और 2020 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वह श्री अरबिंदो अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य और श्री अरबिंदो के दर्शन शास्त्र को पढ़ा रहे थे।

महत्वपूर्ण दिवस

1. पढ़ाई के प्रति प्रेम और बच्चों का पुस्तक की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस **2 अप्रैल** को आयोजित किया जाता है।
नोट: यह पहली बार 1967 में इंटरनेशनल बोर्ड ऑन बुक्स फॉर यंग पीपल (IBBY) द्वारा मनाया गया था। प्रत्येक वर्ष एक अलग नेशनल सेक्सन ऑफ IBBY के पास ICBD का अंतर्राष्ट्रीय प्रायोजक बनने और एक विषय निर्धारित करने का अवसर होता है। IBBY अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस 2021 का प्रायोजक है। विषम 2021: The Music of Words
2. **Recognise the Genius in Me** विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस 2021 का विषय है।
नोट: यह वह दिवस है जो करुणा और आत्मकेंद्रण जागरूकता फैलाता है। विषय: 'Recognise the Genius in Me' आत्मकेंद्रण एक तंत्रिका-विकास विकार है जिसके लक्षण सामाजिक और भाषा संचार में कमी के साथ-साथ पुनरावृत्ति आचरण और प्रतिबंधित रुचि हैं।
3. संयुक्त राष्ट्र का खदान जागरूकता और खदान क्रिया में सहायता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष **4 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस बारूदी सुरंगों और उनके उन्मूलन की दिशा में प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस का विषय 'Perseverance, Partnership, and Progress' है। इस वर्ष, यूएन ने काम को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है ताकि नई भागीदारी की जा सके।
4. अंतर्राष्ट्रीय अंत:करण (Conscience) दिवस हर वर्ष **5 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, यह दिवस हमारे जीवन पर आत्म-चिंतन करने और हर समय सही काम करने और प्रयास करने के लिए मनाया जाता है। इसके पीछे का उद्देश्य सरल था। लोगों का अंत:करण कुछ स्थितियों में सर्वोत्तम तरीके से कार्य करने में मदद करता है। यह समाज में बेहतर काम करने का अधिकार भी देता है।
5. अंतर्राष्ट्रीय खेल विकास एवं शांति दिवस हर वर्ष **6 अप्रैल** को मनाया जाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: जैसा कि नाम से पता चलता है कि दिवस सतत विकास और मानवाधिकारों की उन्नति की ओर खेलों के सकारात्मक योगदान की प्रशंसा करने के लिए मनाया जाता है। 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव 67/296 पारित किए जाने के बाद यह दिवस अस्तित्व में आया।

6. विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष **7 अप्रैल** को मनाया जाता है।
   नोट: विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए चिंता के एक प्राथमिकता क्षेत्र को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2021 का विषय: "Building a fairer, healthier world for everyone"
7. विश्व चगास रोग दिवस प्रतिवर्ष **14 अप्रैल** को मनाया जाता है।
   नोट: WHO ने 24 मई, 2019 को 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में चगास रोग दिवस को मंजूरी दी। यह WHO के 11 आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।
8. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का वीरता दिवस (शौर्य दिवस) प्रत्येक वर्ष **9 अप्रैल को** मनाया जाता है।
   नोट: इस दिन 1965 में, CRPF की एक छोटी टुकड़ी ने गुजरात के कच्छ के रण स्थित सरदार पोस्ट में कई गुनी बड़ी एक घुसपैठ करती पाकिस्तानी सेना को हराकर इतिहास रचा था। CRPF के जवानों ने 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और चार को जिंदा पकड़ लिया। इस संघर्ष में, CRPF के छह जवान शहीद हो गए।
9. होम्योपैथी और चिकित्सा जगत में इसके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व होम्योपैथी दिवस हर वर्ष **10 अप्रैल** को मनाया जाता है।
   नोट: यह दिवस जर्मन चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती का प्रतीक है, जिन्हें होम्योपैथी नामक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति का संस्थापक माना जाता है। वर्ष 2021 हैनीमैन के 266वें जन्मदिन का प्रतीक है।
10. अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस प्रत्येक वर्ष विश्व स्तर पर **12 अप्रैल को** मनाया जाता है।
    नोट: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 अप्रैल, 2011 को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें 12 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस मनाए जाने की घोषणा की। 12 अप्रैल 1961 को, पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान एक सोवियत नागरिक, यूरी गगारिन द्वारा ले जाई गई थी, जो बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने।
11. हीमोफिलिया और अन्य रक्तस्राव विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए दुनिया भर में 17 अप्रैल को विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया जाता है।
    नोट: यह दिवस हीमोफिलिया से पीड़ित लोगों को बेहतर निदान और देखभाल तक पहुंच प्रदान करने का प्रयास है। 17 अप्रैल को वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया के संस्थापक फ्रैंक श्नेबल की जयंती है। विश्व हीमोफीलिया दिवस 2021 का विषय "Adapting to change: sustaining care in a new world"
12. प्रति वर्ष 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस का विषय '**Complex Pasts: Diverse Futures' है।**
    नोट: इसका उद्देश्य ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों को बढ़ावा देना भी है जिसके माध्यम से हम वास्तव में एक समुदाय की सांस्कृतिक अखंडता को संरक्षित कर सकते हैं। इस वर्ष का विषय "Complex Pasts: Diverse Futures" विविधता के अधिक समावेश और मान्यता के लिए वैश्विक आह्वान को स्वीकार करने की आवश्यकता को दर्शाता है।
13. विश्व यकृत दिवस प्रति वर्ष 19 अप्रैल को मनाया जाता है।
    नोट: मस्तिष्क के अपवाद के साथ, यकृत शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है। यकृत की बीमारियां हेपेटाइटिस A, B, C, शराब और ड्रग्स के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

कारण हो सकती हैं। वायरल हेपेटाइटिस दूषित भोजन और पानी के सेवन, असुरक्षित यौन व्यवहार और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कारण होता है।

14. संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस प्रति वर्ष विश्व स्तर पर **20 अप्रैल को मनाया** जाता है।
नोट: इस दिवस को कैन्जी को श्रद्धांजलि देने के लिए चुना गया है, जो एक पौराणिक व्यक्ति है, जिनके विषय में ऐसा माना जाता है कि लगभग 5,000 वर्ष पहले उन्होंने चीनी अक्षरों का आविष्कार किया था। पहला चीनी भाषा दिवस 2010 में 12 नवंबर को मनाया गया था, लेकिन 2011 से तारीख 20 अप्रैल है।
15. भारत में, राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस प्रति वर्ष **21 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: यह केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में, लोक प्रशासन में लगे अधिकारियों द्वारा किए गए आश्चर्यजनक कार्यों की सराहना करने का दिवस है। भारत सरकार ने 21 अप्रैल को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस के रूप में चुना था क्योंकि इस दिन देश के पहले गृह मंत्री, सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में नव नियुक्त प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था।
16. विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस हर वर्ष विश्व स्तर **21 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों, जिसे "वैश्विक लक्ष्यों" के रूप में भी जाना जाता है, को आगे बढ़ाने के संबंध में समस्या-समाधान में रचनात्मकता और नवाचार के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को नए विचारों का उपयोग करने, नए निर्णय लेने और रचनात्मक सोच रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। रचनात्मकता अत्यधिक आवश्यक है।
7. अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस 2021 का विषय **Restore Our Earth** है।
नोट: पृथ्वी दिवस या अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। पृथ्वी के कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए पूरे विश्व में यह दिवस मनाया जाएगा। विश्व पृथ्वी दिवस 2021 दिवस की 51वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी क्योंकि यह पहली बार 1970 में मनाया गया था।
8. विश्व पुस्तक कॉपीराइट दिवस संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा प्रति वर्ष **23 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: इस वर्ष विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस 2021 के समारोह के रूप में, यूनेस्को ने एक 'बुकफेस' चैलेंज शुरू किया है। पहला विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस 1995 में मनाया गया। विलियम शेक्सपियर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस मनाने का निर्णय लिया। यूनेस्को के अनुसार, जॉर्जिया के त्बिलिसी शहर को वर्ष 2021 की वर्ल्ड बुक कैपिटल के रूप में चुना गया था।
9. विश्व बौद्धिक संपदा दिवस हर वर्ष किस तारीख को **26 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा 2000 में शुरू किया गया था। यह दिवस लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों के प्रति समर्पित है। SME का दुनिया भर की सभी कंपनियों में 90% और वैश्विक रोजगार में 70% योगदान है, इसीलिए विश्व आईपी दिवस 2021 का विषय " IP and SMEs: Taking your ideas to market" है।
10. पूरी दुनिया में जैज़ के महत्व और लोगों को एकजुट करने में इसकी कूटनीतिक भूमिका को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए इंटरनेशनल जैज़ डे हर वर्ष **30 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: 2021 का समारोह इंटरनेशनल जैज़ डे की 10वीं वर्षगांठ है। यह दिवस जैज पियानोवादक और यूनेस्को सद्भावना राजदूत हर्बी हैनकॉक के विचार पर बनाया

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

गया था। जैज़ संगीत शैली अफ्रीकी अमेरिकियों द्वारा विकसित की गई थी। यह यूरोपीय समस्वर संरचना और अफ्रीकी लय दोनों से प्रभावित था। यह उन्नीसवीं और प्रारंभिक बीसवीं शताब्दी में उत्पन्न हुआ था।

11. आयुष्मान भारत दिवस हर वर्ष **30 अप्रैल** को मनाया जाता है।
नोट: 2018 में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करोड़ों भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई थी, जो उचित चिकित्सा सुविधा का खर्च नहीं उठा सकते। नरेंद्र मोदी सरकार की प्रमुख योजना संयुक्त राष्ट्र के एक सतत विकास लक्ष्य (SDG) "leave no one behind" को पूरा करने के लिए एक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की तर्ज पर शुरू की गई थी। आयुष्मान भारत दिवस 2021 का विषय "सेवा भी - रोजगार भी" है।

नई नियुक्तियां

1. तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMGC) का अतिरिक्त प्रभार **सुभाष कुमार ने** ग्रहण किया।
नोट: वह वर्तमान में ONGC में निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने शशि शंकर की जगह ली, जो 31 मार्च, 2021 को सेवानिवृत्त हुए। सुभाष कुमार के पास अन्वेषण एवं उत्पादन (E&P) मूल्य श्रृंखला की विविध गतिविधियों में 36 वर्षों का अनुभव है।
2. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) का महानिदेशक **मुखमीत भाटिया को** नियुक्त किया गया है।
नोट: उन्होंने वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम किया है। उन्होंने झारखंड में श्रम एवं रोजगार और महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रधान सचिव के रूप में भी कार्य किया है।
3. लोक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) की अध्यक्ष **मल्लिका श्रीनिवासन** को नियुक्त किया गया है।
नोट: कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया, ट्रैक्टर एंड फार्म इक्विपमेंट (TAFE) लिमिटेड की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मल्लिका श्रीनिवासन को लोक उद्यम चयन बोर्ड (PESB) की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पहली बार है कि किसी निजी क्षेत्र की विशेषज्ञ को PESB प्रमुख नियुक्त किया गया है, जो केंद्रीय लोक क्षेत्र उद्यम (CPSE) में शीर्ष प्रबंधन पदों की नियुक्ति के लिए उत्तरदायी है।
4. हाल ही में **उर्जित पटेल** को ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज बोर्ड का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है।
नोट: बोर्ड ऑफ ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को कंपनी का अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया है। उन्हें गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशक की श्रेणी में पांच वर्ष के लिए नियुक्त किया गया है।
5. BCCI की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था का प्रमुख **शब्बीर हुसैन शेखदम खंडवावाला** को नियुक्त किया गया है।
नोट: 1973 बैच के IPS अधिकारी खंडवावाला को 9 अप्रैल से शुरू होने वाले IPL से ठीक पहले नियुक्त किया गया है। वह दिसंबर 2010 में गुजरात DGP के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वह 10 वर्षों तक एस्सार ग्रुप के सलाहकार थे। वह केंद्र सरकार की लोकपाल खोज समिति के भी सदस्य रह चुके हैं, जिसे लोकपाल नियुक्त करने का आज्ञापत्र दिया गया था।
6. भारत का 48वां मुख्य न्यायाधीश **एन.वी. रमाना को** नियुक्त किया गया है।
नोट: यमूर्ति रमाना का कार्यकाल अगले वर्ष 26 अगस्त तक होगा। 17 फरवरी, 2014 को सर्वोच्च न्यायालय में अपनी पदोन्नति से पहले, न्यायमूर्ति रमाना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

उनका जन्म आंध्र प्रदेश में एक कृषि परिवार में हुआ था।

7. **विराट कोहली** को डिजिट इंश्योरेंस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है।
   नोट: एक जनरल इंश्योरेंस कंपनी 'डिजिट इंश्योरेंस' 1.9B डॉलर के मूल्यांकन के साथ 2021 की पहली यूनिकॉर्न बनी। इस करार के साथ, कंपनी का उद्देश्य क्रिकेटर के माध्यम से 'बीमा को सरल बनाने' का संदेश फैलाना है। ब्रांड का चेहरा बनने से पहले कंपनी में निवेश करने के लिए डिजिट इंश्योरेंस भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान को राज़ी करने में सक्षम थी।
8. वित्त मंत्रालय के अंतर्गत नया राजस्व सचिव **तरुण बजाज** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: तरुण बजाज को वित्त मंत्रालय के अंतर्गत नया राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है। वह अजय भूषण पांडेय की सेवानिवृत्ति के बाद, राजस्व विभाग के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे।
9. **चिंतन वैष्णव** को अटल इनोवेशन मिशन (AIM) का मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है।
   नोट: चिंतन वैष्णव को नीति आयोग के तहत सरकार की प्रमुख पहल अटल नवाचार मिशन (AIM) का मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है। वह रामानाथन रामनन की जगह लेंगे।
10. सिडबी का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक **एस. रमण** को नियुक्त किया गया है।
    नोट: नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक के लिए है। 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा अधिकारी रमण वर्तमान में भारत की पहली सूचना उपयोगिता नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के CEO हैं।
11. नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) की महानिदेशक **पूनम गुप्ता** को नियुक्त किया गया है।
    नोट: प्ता थिंक टैंक के वर्तमान प्रमुख शेखर शाह की जगह लेंगीं और पद संभालने वाली पहली महिला बनेंगी। 2013 में विश्व बैंक में शामिल होने से पहले, गुप्ता NIPFP में भारतीय रिजर्व बैंक की चेयर प्रोफेसर और ICRIER में मैक्रोइकोनॉमिक्स की प्रोफेसर थीं।
12. **सुशील चंद्रा** को भारत का मुख्य निर्वाचन आयुक्त किन्हें नियुक्त किया गया है।
    नोट: उन्होंने सुनील अरोड़ा की जगह ली, जिनका कार्यकाल 12 अप्रैल को समाप्त हो गया। श्री चंद्रा ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने के बाद 15 फरवरी, 2019 को चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था। 1980 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी, श्री चंद्रा ने अंतर्राष्ट्रीय कराधान और अन्वेषण के क्षेत्रों में काम किया था।
13. **सुशील चंद्रा** को पंजाब के कोविड टीकाकरण अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।
    नोट: पिछले वर्ष कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान, अभिनेता ने प्रवासियों को अपने गृह राज्यों में पहुंचने में मदद की थी। कोविड-19 महामारी के बीच हजारों वंचितों को भोजन कराने के चलते सोनू सूद राष्ट्रीय सुर्खियों में आए। उन्हें प्रवासियों के मसीहा के रूप में देखा गया था।
14. **पृथ्वी शॉ को** फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म स्पोर्टज़एक्सचेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।
    नोट: स्पोर्ट्ज़एक्सचेंज, एक विषय "यहां है कुछ एक्स्ट्रा" के साथ एक एकीकृत अभियान के हिस्से के रूप में पृथ्वी शॉ को दिखाकर आकर्षक सामग्री तैयार करेगा, जो पृथक पेशकश के बारे में जागरूकता फैलाने और आगामी आईपीएल / फैंटेसी मैचों के दौरान ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने में मदद करेगा।
15. गुइलेर्मो लास्सो **इक्वाडोर** के नए राष्ट्रपति चुने गए।
    नोट: 65 वर्षीय गुइलेर्मो लास्सो ने 52% से अधिक मत प्राप्त करके राष्ट्रपति पद हासिल किया, जो पद के लिए उनका तीसरा प्रयास था। उन्होंने 36 वर्षीय

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

वामपंथी अर्थशास्त्री और शक्तिशाली पूर्व राष्ट्रपति राफेल कोरेया के आश्रित एंड्रेस अराउज़ को हराया। श्री अराउज़ 95% से अधिक मतों से पराजित हुए।

16. **सुरेश रैना** को उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक कंपनी 'एलिस्टा' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

नोट: उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक कंपनी, 'एलिस्टा' ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। एलिस्टा UAE स्थित ट्रेडिंग कंपनी 'टेक्नोडोम' की सहायक कंपनी है, जिसने 2020 में निर्माण कार्य शुरू किया था। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में एलईडी टीवी से लेकर कूलर तक एलिस्टा 'मेकिंग इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' की धारणा के तहत अभिनव उत्पादों का निर्माण करती है।

17. **सिद्धार्थ सिंह लोंगजैम** को नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) का महानिदेशक (DG) नियुक्त किया गया है।

नोट: उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी गणपति वर्तमान में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के महानिदेशक हैं। उन्हें पद में शामिल होने की तारीख से 29 फरवरी, 2024 अर्थात उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

18. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित नियामक समीक्षा प्राधिकरण (RRA) 2.0 का प्रमुख **एम. राजेश्वर राव** को नियुक्त किया गया है, जो नियामक के आदेशों की समीक्षा करेगा।

नोट: प्राधिकरण सरलीकरण और कार्यान्वयन में आसानी के लिए RBI की विनियमित संस्थाओं से सुझाव मांगने के साथ-साथ आंतरिक आदेशों की भी समीक्षा करेगा। डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव को विनियम समीक्षा प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है। प्राधिकरण की वैधता 1 मई, 2021 से एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जब तक कि उसका कार्यकाल RBI द्वारा विस्तारित नहीं किया जाता है।

19. **रामेश्वर प्रसाद गुप्ता** की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) ने वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार के लिए सुधारात्मक कदमों की निगरानी हेतु आठ सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (NTF) का गठन किया गया है।

नोट: NTF की अध्यक्षता और समन्वय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय सचिव रामेश्वर प्रसाद गुप्ता द्वारा किया जाएगा। भारत में पुरानी सांस की बीमारियों से दुनिया में सर्वाधिक मृत्यु दर है और भारत में 1.5 मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण सालाना मर रहे हैं। यह सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों के साथ त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से अन्य गैर-प्रदूषित शहरों के साथ-साथ सभी गैर-प्राप्ति शहरों में वायु गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन की निगरानी करेगा।

20. मुरली एम. नटराजन **डीसीबी बैंक** के प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं जिनकी पुनर्नियुक्ति को भारतीय रिजर्व बैंक ने द्वारा मंजूर किया गया है।

नोट: उन्हें मई 2009 में DCB बैंक का MD और CEO नियुक्त किया गया था। DCB में शामिल होने से पहले, नटराजन ने विदेशी बैंकों- स्टैंडर्ड चार्टर्ड और सिटी बैंक के साथ काम किया है।

21. राउल कास्त्रो के इस्तीफे के बाद **मिगेल मारियो डियाज-कैनेल** को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा के प्रथम सचिव की आधिकारिक रूप से शपथ दिलाई गई थी।

नोट: कम्युनिस्ट पार्टी का सचिव क्यूबा में शासन करने वाली एक पार्टी में सबसे शक्तिशाली पद है। डियाज-कैनेल अब क्यूबा के दो सबसे महत्वपूर्ण पद पर हैं, पार्टी के प्रमुख और राष्ट्र के राष्ट्रपति। राउल कास्त्रो ने घोषणा की कि वह पार्टी के प्रमुख पद से हटेंगे और युवा पीढ़ी को नेतृत्व सौंपेंगे।

22. भारतीय क्रिकेटर **वाशिंगटन सुंदर और देवदत्त पडिक्कल** को प्रमुख जर्मन स्पोर्ट्सवियर ब्रांड प्यूमा इंडिया का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

नोट: मार्च 2021 में, प्यूमा ने आईपीएल 2021 सीज़न में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

आधिकारिक किट पार्टनर के रूप में हस्ताक्षर किए। चेन्नई, तमिलनाडु के वाशिंगटन सुंदर (21 वर्षीय), 2017 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा T20I क्रिकेटर (18 वर्षीय) हैं। केरल के एडप्पल से देवदत्त पडिक्कल (20 वर्षीय) एक भारतीय क्रिकेटर है जो अंडर 19 में कर्नाटक और भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

23. दक्षिण कोरिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में **किम बू-क्यूम** को नियुक्त किया गया।

नोट: वह पूर्व प्रधानमंत्री चुंग सिय-क्युन की जगह लेंगे जिन्होंने 2022 में राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के लिए इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में, हांग नाम-की दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक प्रधान मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्हें तब नियुक्त किया जाएगा, जब दक्षिण कोरिया की संसद राष्ट्रपति के नामांकन को मंजूरी देगी। राष्ट्रपति ने श्रम, भूमि, विज्ञान, व्यापार और महासचिव मंत्रालय के लिए नए मंत्रियों को भी नामित किया है।

24. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (CJ) के रूप में **न्यायमूर्ति संजय यादव को** नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्होंने 14 अप्रैल 2021 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभाला और 13 अप्रैल 2021 को सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति गोविंद माथुर की जगह ली। कानून एवं न्याय मंत्रालय के अंतर्गत न्याय विभाग ने नियुक्ति के संबंध में सूचित किया। न्यायमूर्ति संजय यादव ने 1986 में अपना करियर शुरू किया और जबलपुर में मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में वकालत की।

25. 2021 से शुरू होने वाले तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए ऑर्गनाइजेशन फॉर द प्रोहिबिटीशन ऑफ कैमिकल वेपन (OPCW) का बाह्य लेखा परीक्षक **गिरिश चंद्र मुर्मू** को नियुक्त किया गया है।

नोट: नियुक्ति 21 अप्रैल 2021 को OPCW कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट पार्टीज में आयोजित एक चुनाव प्रक्रिया के दौरान की गई थी। भारत को OPCW की कार्यकारी परिषद का सदस्य भी चुना गया जो 2 वर्ष के लिए एशिया समूह का प्रतिनिधित्व करेगा। यह एक अंतर सरकारी संगठन और कैमिकल वेपन कन्वेंशन के लिए कार्यान्वयन संस्था है, जो 29 अप्रैल 1997 को लागू हुआ।

26. **अरुण रस्ते** को पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (NCDEX) का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्होंने विजय कुमार की जगह ली। अरुण रस्ते वर्तमान में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने IDFC फर्स्ट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, NABARD, ACC सीमेंट जैसे संगठनों और एक लाभ-निरपेक्ष गैर-सरकारी संगठन IRFT में भी काम किया है।

27. नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला **रेखा एम. मेनन** हैं।

नोट: एक्सेंचर इंडिया की चेयरपर्सन रेखा एम. मेनन को नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, जो सॉफ्टवेयर लॉबी ग्रुप के 30 वर्ष के इतिहास में शीर्ष भूमिका निभाने वाली पहली महिला बन गई हैं। उन्होंने NASSCOM अध्यक्ष के रूप में इन्फोसिस के मुख्य परिचालन अधिकारी यू.बी. प्रवीण राव की जगह ली। TCS के प्रेसीडेंट कृष्णन रामानुजम उपाध्यक्ष होंगे।

28. निजी क्षेत्र के ऋणदाता HDFC बैंक का अंशकालिक अध्यक्ष और अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशक **अतनु चक्रवर्ती को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह अप्रैल 2020 में आर्थिक कार्य विभाग के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले, उन्होंने निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) के सचिव के रूप में कार्य किया है। गुजरात कैडर के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

1985 बैच के IAS अधिकारी चक्रवर्ती को 5 मई, 2021 या उनके पदभार संभालने की तारीख, जो भी बाद में हो, से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया।

29. **टी.वी. सोमनाथन** को भारत के नए वित्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है, जिनकी नियुक्ति को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा मंजूरी दी गई।
नोट: वह 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के IAS अधिकारी हैं। वित्त मंत्रालय में सभी सचिवों में वरिष्ठतम अधिकारी को वित्त सचिव के रूप में मनोनीत किया जाता है।

30. **अमित बनर्जी** को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, (BEML) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया गया है।
नोट: PESB ने 26 अप्रैल, 2021 को आयोजित बैठक में घोषणा की। वर्तमान में, वह BEML लिमिटेड के निदेशक (रेल और मेट्रो) हैं। BEML में तीन दशक से अधिक के अपने व्यावसायिक करियर में, श्री बनर्जी ने अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण कार्यों में काम किया है।

31. **रवींद्र जडेजा** को जापानी स्पोर्ट्सवियर ब्रांड ASICS के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त नियुक्त किया गया है।
नोट: ASICS दौड़ श्रेणी के लिए स्पोर्टिंग गियर पर केंद्रित है। ASICS खेल की विभिन्न विधाओं में युवा और नई एथलेटिक प्रतिभाओं के साथ काम कर रहा है। भारत में, ASICS का प्रचार अभिनेता टाइगर श्रॉफ द्वारा किया जाता है। एशिया में, ASICS के वर्तमान में पूरे भारत, श्रीलंका और भूटान में 55 से अधिक स्टोर हैं।

32. अमिताभ चौधरी को 1 जनवरी 2022 से तीन वर्षों के लिए **एक्सिस बैंक** के प्रबंध निदेशक और CEO के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।
नोट: यह नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन होगी। चौधरी को 1 जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2021 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए एक्सिस बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और CEO नियुक्त किया गया था।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2021 में 156 देशों के बीच भारत की रैंक **140वीं** है।
नोट: 2020 में भारत 153 देशों के बीच 112वें स्थान पर था। भारत दक्षिण एशिया में तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश है। आइसलैंड 12वीं बार सूचकांक में सबसे ऊपर है, इसके बाद फिनलैंड, नॉर्वे, न्यूजीलैंड, रवांडा, स्वीडन, आयरलैंड और स्विट्जरलैंड हैं। अफगानिस्तान रिपोर्ट में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश है। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 WEF द्वारा वार्षिक प्रकाशन का 15वां संस्करण है।

2. बंदरगाह, पोत-परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री, मनसुख मंडाविया, ने सूरत के हजीरा पोर्ट और **दीव** के बीच क्रूज शिप सेवा को हरी झंडी दिखाई।
नोट: 2014 से 2020 के बीच, भारतीय बंदरगाहों पर क्रूज कॉल लगभग 1 लाख यात्रियों के साथ 139 कॉल से बढ़कर 4.5 लाख यात्रियों के साथ 450 कॉल हो गई है। भारत सरकार 6 अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनलों की योजना बना रही है।

3. 100 मेगावाट की क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट **तेलंगाना** राज्य में शुरू होने की उम्मीद है।
नोट: इस परियोजना की स्थापना ऊर्जा समूह राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) द्वारा रामागुंडम,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पेड्डापल्ली जिले स्थित अपने थर्मल पावर प्लांट के जलाशय में की गई है। 450 एकड़ में फैले सोलर फोटो-वोल्टिक प्रॉजेक्ट में 4.5 लाख फोटोवोल्टिक पैनल होंगे और भविष्य में इसका विस्तार किया जा सकता है।

4. **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc)** ने एकेडमी रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज (ARWU) 2020, जिसे शंघाई रैंकिंग भी कहा जाता है, में पहली रैंक हासिल की है।

   नोट: भारत में शीर्ष संस्थानों की ARWU रैंकिंग 2020 के अनुसार, देश के सभी प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) पहले स्थान पर था जबकि कलकत्ता विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर था। कलकत्ता विश्वविद्यालय ने एकेडमी रैंकिंग ऑफ वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज (ARWU) 2020 में भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच पहला स्थान और देश के शीर्ष उच्च शैक्षणिक संस्थानों में तीसरा स्थान हासिल किया है।

5. भारतीय मसाला बोर्ड **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के प्रशासनिक नियंत्रण में है, जिसने आपूर्ति श्रृंखला तथा व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने हेतु भारतीय मसालों के लिए ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसेबिलिटी इंटरफेस के निर्माण के उद्देश्य से UNDP इंडिया के एक्सीलरेटर लैब के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं।

   नोट: ब्लॉकचेन एक मुक्त और साझा इलेक्ट्रॉनिक लेज़र पर लेनदेन रिकॉर्ड करने की विकेंद्रीकृत प्रक्रिया है। यह किसान, ब्रोकर, वितरक, संसाधकों, खुदरा विक्रेताओं, नियामकों और उपभोक्ताओं सहित एक जटिल नेटवर्क पर डेटा प्रबंधन में आसानी और पारदर्शिता की सुविधा प्रदान करता है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला सरल होती है।

6. परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के तहत **डॉ. बी.आर. अंबेडकर** की जयंती को सार्वजनिक अवकाश 2021 घोषित किया गया है।

   नोट: कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के एक आधिकारिक आदेशानुसार, 14 अप्रैल को पूरे देश में केंद्र सरकार के कार्यालय, औद्योगिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। बी.आर. अंबेडकर ने दलित बौद्ध आंदोलन चलाया था और स्वतंत्र भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री थे।

7. जनजातीय समुदायों का स्वास्थ्य एवं पोषण बढ़ाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से **अनामया** पहल शुरू की गई है।

   नोट: पीरामल फाउंडेशन और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (BMGF) द्वारा समर्थित एक बहु-हितधारक पहल, 'अनामया' जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य तथा पोषण स्थिति को बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संगठनों के प्रयासों को अभिमुख करेगी।

8. शहद और मधुमक्खी के छत्ते से संबंधित अन्य उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स को सक्षम बनाने के लिए "मधुक्रान्तिपोर्टल" और NAFED हनी कॉर्नर **नरेंद्र सिंह तोमर** ने लॉन्च किया है।

   नोट: "मधुक्रान्तिपोर्टल" राष्ट्रीय मधुमक्खीपालन और शहद मिशन (NBHM) के तहत राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (NBB), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक पहल है। डिजिटल पोर्टल पर शहद और मधुमक्खी के छत्ते से संबंधित अन्य उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी सोर्स को सक्षम बनाने के लिए इस पोर्टल को ऑनलाइन पंजीकरण हेतु विकसित किया जा रहा है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग साझेदार इंडियन बैंक है।

9. **फ्लिपकार्ट** ने अपने लॉजिस्टिक्स बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों की शीघ्र तैनाती के लिए महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (MLL) के साथ भागीदारी की है।

   नोट: यह साझेदारी देश में इसके लॉजिस्टिक्स बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों की शीघ्र तैनाती के लिए की गई है। दोनों संस्थाएं भारत में इलेक्ट्रॉनिक वाहन की तैनाती और परिचालन के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करेंगी। वे सहायक बुनियादी ढांचे और तकनीक जैसे चार्जिंग स्टेशन और पार्किंग स्थल, प्रशिक्षण कार्यबल, मार्ग नियोजन और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन साथ मिलकर विकसित करेंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

10. भारत द्वारा यूनाइटेड नेशंस ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में **500,000 डॉलर की** राशि का योगदान किया गया।

नोट: भारत ने यूनाइटेड नेशंस ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए देश का योगदान 1 मिलियन डॉलर से अधिक करते हुए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में अतिरिक्त 500,000 डॉलर का योगदान दिया। इस धनराशि के साथ, भारत का अब तक का कुल योगदान 1.05 मिलियन डॉलर है।

11. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने **SUPACE** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पोर्टल को लॉन्च किया है।

नोट: इस पोर्टल के माध्यम से, सर्वोच्च न्यायालय केस फाइलिंग के समय प्राप्त भारी डेटा से निपटने के लिए मशीन लर्निंग के उपयोग का इरादा रखता है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, जो सर्वोच्च न्यायालय की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने SUPACE के वर्चुअल लॉन्च के दौरान उद्घाटन भाषण दिया।

12. केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने महिला सशक्तीकरण पर लीलावती अवार्ड 2020 प्रदान किए, इस पुरस्कार की स्थापना **AICTE** द्वारा की गई है।

नोट: पुरस्कार समारोह महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित था। महिला सशक्तिकरण विषय के आधार पर, AICTE ने लीलावती अवार्ड 2020 के विजेताओं को कुल 456 प्रविष्टियों में से चयनित किया, जिन्होंने निम्नलिखित 6 उप-विषयों में प्रतिस्पर्धा की:

- ✓ महिलाओं का स्वास्थ्य
- ✓ आत्मरक्षा
- ✓ स्वच्छता और आरोग्यता
- ✓ साक्षरता
- ✓ महिला उद्यमिता
- ✓ विधि जागरूकता।
- ➢ विजेता को 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला।प्रथम उप-विजेता को 75,000 रुपये और द्वितीय उप-विजेता को 50,000 रुपये मिले।

13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने के लिए शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने **SARTHAQ** पहल लॉन्च की है।

नोट: SARTHAQ का पूरा नाम 'Students' and Teachers' Holistic Advancement through Quality Education'। यह कार्यान्वयन योजना भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्षों पर आयोजित अमृत महोत्सव के लिए समारोहों के एक भाग के रूप में जारी की गई थी। योजना अगले 10 वर्षों हेतु NEP 2020 के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश प्रस्तुत करती है।

14. विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के छठे संस्करण का विषय **#ViralWorld: Outbreaks, Outliers and Out of Control** है।

नोट: विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा रायसीना डायलॉग का छठा संस्करण 13 से 16 अप्रैल, 2021 तक वर्चुअली आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने डायलॉग का उद्घाटन किया।

15. **विदेश मंत्रालय** ने ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर रायसीना डायलॉग के छठे संस्करण का आयोजन किया।

नोट: विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा रायसीना डायलॉग का छठा संस्करण 13 से 16 अप्रैल, 2021 तक वर्चुअली आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने डायलॉग का उद्घाटन किया।

16. **नीति आयोग** ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और सेंटर फॉर सोशल एंड बिहेवियर चेंज, अशोका यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में स्वास्थ्य और पोषण पर एक राष्ट्रीय डिजिटल संग्रह 'पोषण ज्ञान' लॉन्च किया है।

नोट: बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और सेंटर फॉर सोशल एंड बिहेवियर चेंज, अशोका यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में नीति आयोग ने स्वास्थ्य और पोषण पर एक राष्ट्रीय डिजिटल संग्रह 'पोषण ज्ञान' का शुभारंभ किया। लॉन्च समारोह को नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, सीईओ अमिताभ कांत, महिला एवं बाल विकास

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सचिव राम मोहन मिश्रा और अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश सरवाल ने संबोधित किया।

17. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा मत्स्य किसानों और क्रेताओं को जोड़ने के लिए लॉन्च किए गए ई-मार्केटप्लेस का नाम **e-SANTA** है।
नोट: यह किसानों को बेहतर कीमत और निर्यातकों को सीधे उनसे गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीदने में सक्षम बनाएगा। **e-SANTA** का पूरा नाम "Electronic Solution for Augmenting NaCSA farmers' Trade in Aquaculture" है।

18. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट 2021 का विषय **Transforming Food Systems After COVID-19** है।
नोट: इस वर्ष संस्थान ने "Transforming Food Systems After COVID-19" विषय पर आधारित रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के गंभीर स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों ने खाद्य प्रणालियों को बाधित कर दिया है और आजीविका को उलट दिया है।

19. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने पोषण की दृष्टि से संतुलित आहार के महत्व और सभी स्थानीय फलों एवं सब्जियों की उपलब्धता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए **आहार क्रांति** मिशन शुरू किया है।
नोट: यह विज्ञान भारती (विभा), ग्लोबल इंडियन साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोक्रेट्स फोरम (GIST), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और प्रवासी भारतीय एकेडमिक एंड साइंटिफिक संपर्क (PRABHASS) की एक संयुक्त पहल है। मिशन का आदर्श वाक्य 'उत्तम आहार उत्तम विचार' या 'Good Diet-Good Cognition' है। इसका उद्देश्य स्थानीय फलों और सब्जियों के सेवन पर जोर देकर पोषण की दृष्टि से संतुलित आहार प्राप्त करना है।

20. सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा सभी आयु वर्ग के कल्याण के लिए **MANAS** ऐप लॉन्च किया गया है।
नोट: ANAS जिसका पूरा नाम Mental Health and Normalcy Augmentation System है, प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में समर्थित था। यह एक व्यापक, मापनीय और राष्ट्रीय डिजिटल कल्याण प्लेटफॉर्म और भारतीय नागरिकों के मानसिक कल्याण संवृद्धि के लिए विकसित एक ऐप है। यह ऐप्लीकेशन विभिन्न सरकारी मंत्रालयों के स्वास्थ्य एवं कल्याण प्रयासों, विभिन्न राष्ट्रीय निकायों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा विकसित गैमिफाइड इंटरफेस के साथ वैज्ञानिक रूप से विधिमान्य स्वदेशी उपकरणों को एकीकृत करता है।

21. **भारत** देश ने BRICS वित्त मंत्रियों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की है।
नोट: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि BRICS समूह नीतिगत सहायता और अंतर्राष्ट्रीय नीति समन्वय को बढ़ाकर वर्तमान वैश्विक संकट की प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वह BRICS वित्त मंत्रियों की पहली बैठक और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रही थीं। बैठक की सह-अध्यक्षता सीतारमण और RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने की।

22. तकनीकी कंपनी **माइक्रोसॉफ्ट** के साथ भारत के कृषि मंत्रालय ने हाल ही में डिजिटल कृषि को बढ़ावा देने के लिए छह राज्यों के 100 गांवों में प्रायोगिक परियोजना को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: माइक्रोसॉफ्ट 6 राज्यों (उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान और आंध्र प्रदेश) के 10 जिलों के 100 गांवों में एक प्रायोगिक परियोजना शुरू करेगी, जो फसल के बाद के प्रबंधन एवं वितरण सहित स्मार्ट और सुव्यवस्थित कृषि के लिए किसान इंटरफेस विकसित करेगी। इस परियोजना के लिए, माइक्रोसॉफ्ट ने अपने स्थानीय साझेदार, क्रॉपडेटा के साथ समझौता किया है। यह परियोजना एक वर्ष के लिए है और समझौता ज्ञापन पर दोनों पक्ष अपनी लागत वहन करेंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

23. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा फेसबुक के साथ जारी 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' 2021 में भारत की रैंक **49वीं** है।
नोट: भारत 2025 तक एक बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाला है। भारत में 2020 में 687.6 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे। फेसबुक 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' में 120 देशों को देखा गया, जो वैश्विक GDP के 98 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के 96 प्रतिशत को दर्शाता है।

24. पर्यटन मंत्रालय ने ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी **क्लियरट्रिप और ईज़ माई ट्रिप** के साथ विशेष रूप से कोविड के दौरान आतिथ्य और पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: समझौता ज्ञापन का उद्देश्य OTA प्लेटफॉर्म पर SAATHI (सिस्टम फॉर असेसमेंट, अवेयरनेस एंड ट्रेनिंग फॉर द हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री) पर स्वयं को प्रमाणित करने वाली आवास इकाइयों को व्यापक दृश्यता प्रदान करना है। MoU दोनों पक्षों को NIDHI और SAATHI पर पंजीकरण के लिए इकाइयों और स्थानीय पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

25. **पीयूष गोयल** ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य अवधारणा, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार-प्रवेश, और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
नोट: फंड का लक्ष्य अवधारणा प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार-प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। सरकार ने फंड के लिए 945 करोड़ रुपये की निधि प्रदान की है, जो संपूर्ण भारत में पात्र इनक्यूबेटरों के माध्यम से योग्य स्टार्टअप को बीज वित्तपोषण प्रदान करने के लिए 1 अप्रैल, 2021 से शुरू होने वाले अगले 4 वर्षों में विभाजित की जाएगी। इस योजना में 300 इनक्यूबेटर के माध्यम से अनुमानित 3,600 स्टार्टअप को सहायता मिलने की उम्मीद है।

26. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021 में भारत की रैंक **84वीं** है।
नोट: भारत सूची में 84वें स्थान पर है, क्योंकि भारतीय नागरिक 58 से अधिक स्थानों पर वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल पर जा सकते हैं। जापान, सिंगापुर और जर्मनी, दक्षिण कोरिया क्रमशः शीर्ष 3 में हैं।

27. अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी नवीनतम विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में भारत की रैंक **142वीं** है।
नोट: रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में वर्गीकृत किया गया है। भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था। भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।

28. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा जारी 'क्लाइमेट वल्नरबिलिटी असेसमेंट फॉर एडाप्शन प्लानिंग इन इंडिया यूज़िग एक कॉमन फ्रेमवर्क' नामक राष्ट्रीय जलवायु भेद्यता आकलन रिपोर्ट के अनुसार, आठ पूर्वी राज्य की पहचान जलवायु परिवर्तन के लिए अत्यधिक संवेदनशील के रूप में की गई है।
नोट: 8 राज्य हैं - झारखंड, मिजोरम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, असम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल। सभी राज्यों में, असम, बिहार और झारखंड में 60% से अधिक जिले अति संवेदनशील जिलों की श्रेणी में हैं।

29. **जर्मनी** के साथ भारत ने नई दिल्ली में एक वर्चुअल कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग पर "सिटीज़ कॉम्बैटिंग प्लास्टिक इंटरिंग द मरीन इनवायरमेंट" नामक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: डॉयचे गेलशेचाफ्टफुअर इंटरनेशनेल ज़ुसमेनारबैत (GIZ) GmbH इंडिया ने जर्मनी सरकार की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना सतत शहरी परिवर्तन पर भारत-जर्मनी के द्विपक्षीय विकास सहयोग

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

के तहत एक सहयोगी प्रयास होने की उम्मीद है। यह परियोजना राष्ट्रीय स्तर पर चयनित राज्यों (उत्तर प्रदेश, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) और कानपुर, कोच्चि, पोर्ट ब्लेयर शहरों में की जाएगी। परियोजना की अवधि: साढ़े तीन वर्ष।

30. भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे ने किस **बांग्लादेश** में आयोजित आर्मी चीफ कॉन्क्लेव में भाग लिया

नोट: कॉन्क्लेव को बंग बंधु सेनानीबास (BBS), बांग्लादेश में 4-12 अप्रैल, 2021 तक आयोजित बहुराष्ट्रीय थल सेना अभ्यास 'शांतिर अंग्रसेना 2021' (शांति के अग्रदूत) की तर्ज पर आयोजित किया गया था। कॉन्क्लेव के दौरान, नरवणे ने 'चेंजिंग नेचर ऑफ ग्लोबल कॉन्फ्लिक्ट्स: रोल ऑफ यूएन पीसकीपर्स' पर एक मुख्य भाषण दिया। उन्होंने बांग्लादेश थलसेना के जनरल अजीज अहमद के आमंत्रण पर 8-12 अप्रैल को बांग्लादेश का दौरा किया।

31. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) जो विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रों की ऊर्जा प्रणालियों के हालिया प्रदर्शन पर उनकी निगरानी करता है, द्वारा जारी एनर्जी ट्रांजिशन इंडेक्स (ETI) 2021 में भारत की रैंक **87वीं** हैं।

नोट: रिपोर्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) द्वारा प्रकाशित की गई थी। एक्सेंचर के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट ETI पर अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। सूचकांक में शीर्ष 10 देश पश्चिमी और उत्तरी यूरोपीय देश हैं, जिनमें स्वीडन पहले स्थान पर है, इसके बाद नॉर्वे और डेनमार्क हैं। "चीन (68) और भारत (87), जो सामूहिक रूप से वैश्विक ऊर्जा मांग का एक तिहाई भाग हैं, दोनों ने पिछले एक दशक में मजबूत सुधार किए हैं, लेकिन कोयले उनके ऊर्जा मिश्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

32. वर्ल्ड सिटीज कल्चरल फोरम (WCCF) 2021 में दिल्ली और भारत का प्रतिनिधित्व **अरविंद केजरीवाल** ने किया।

नोट: यह लंदन, टोक्यो और न्यूयॉर्क सहित दुनिया के 40 शीर्ष शहरों का एक मंच है। WCCF 2021 फोरम की मेजबानी लंदन ने की थी। WCCF एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है जिसमें सदस्य शहरों से संस्कृति और संस्कृति प्रमुखों के लिए उप महापौरों भाग लेते हैं और इसे प्रत्येक सदस्य शहर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। WCCF 2021 का विषय "The Future of Culture" है।

33. इंडियन एयर फोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2021 का विषय **Reorienting for the Future था** जिसका आयोजन नई दिल्ली में हुआ।

नोट: कॉन्फ्रेंस का विषय - '**Reorienting for the Future**'। चर्चा के अन्य विषयों में खतरे वाले सभी कार्यक्षेत्रों में चुनौतियों की पहचान करना, नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 5G को सेवा में शामिल करना शामिल था।

34. टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इंपैक्ट रैंकिंग 2021 के तीसरे संस्करण में दुनिया के शीर्ष 100 शैक्षणिक संस्थानों की सूची में स्थान बनाने वाला एकमात्र भारतीय विश्वविद्यालय **अमृता विश्व विद्यापीठम, तमिलनाडु** है।

नोट: अमृता विश्व विद्यापीठम के अलावा, दो भारतीय विश्वविद्यालयों - कर्नाटक स्थित जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च और पंजाब स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी को 100-200 के समूह में रैंक दी गई है। वैश्विक स्तर पर, मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी (यूके), सिडनी यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) और RMIT यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) ने शीर्ष 3 स्थान हासिल किए।

35. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) ने आईआईटी खड़गपुर के साथ संस्थान में अनुसंधान एवं विकास के लिए एक एक्सेलरेटर सेंटर स्थापित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: केंद्र तकनीकी उत्पादों के निर्माण और विकास के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में कार्य करेगा। एक्सेलरेटर सेंटर केंद्र सरकार की "आशा-इंडिया पहल" के समान काम करेगा। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के बारे में: राज्य आवास एवं शहरी कार्य मंत्री (MoHUA) - हरदीप सिंह पुरी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

36. भारतीय वायु सेना (IAF) के वायु सेनाध्यक्ष (CAS), राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने हाल ही में **फ्रांस** का दौरा किया।
नोट: अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने चार राफेल विमानों को भारत के लिए रवाना किया। अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान, उन्होंने फ्रांस में मेरिग्नैक एयरबेस से भारत के लिए चार राफेल लड़ाकू जेट को रवाना किया। इन जेट के सेवा में शामिल करने के बाद अंबाला में स्थित पहला राफेल स्क्वाड्रन नंबर 17 गोल्डन एरो पूरा होगा। अगला (दूसरा) स्क्वाड्रन पश्चिम बंगाल में हासिमारा एयर बेस पर स्थित होगा।

37. चैंडलर गुड गवर्नमेंट इंडेक्स (CGGI) में भारत की रैंक **49वीं** है, जो सरकारी क्षमताओं और परिणामों के मामले में 104 देशों को वर्गीकृत करता है।
नोट: चैंडलर गुड गवर्नमेंट इंडेक्स शासन की क्षमताओं को मापने और निवेश करने के महत्व को दर्शाता है। यह सरकार में 'प्रेसेडेमिक्स' के लिए आवश्यकता को विशिष्ट रूप से दर्शाता है - ये वे लोग हैं जो अनुसंधान और डेटा की कठिन समझ को एक व्यावहारिक और ज़मीनी समझ के साथ जोड़ते हैं, जिन्हें सरकारों को सफल होने के लिए करने की आवश्यकता होती है। फिनलैंड CGGI सूची में सबसे ऊपर है, जिसमें प्रत्येक देश को 50 से अधिक ओपन डेटा प्वाइंट पर मापा गया है।

38. **रूस** चौथा देश है, जिसके साथ भारत ने विदेश, रक्षा मंत्रियों के बीच '2 + 2 मंत्रिस्तरीय संवाद' आयोजित करने का फैसला किया है।
नोट: 2 + 2 मंत्रिस्तरीय संवाद दो देशों के बीच उच्चतम स्तर की संस्थागत व्यवस्था है। यह संवाद का ऐसा प्रारूप है जहां रक्षा/ विदेश मंत्री या सचिव अपने दूसरे देश के समकक्षों से मिलते हैं।

39. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (MoA & FW) ने **कार निकोबार और नैनकोवरी द्वीप** में 'लार्ज एरिया सर्टिफिकेशन (LAC)' योजना के तहत 14,491 हेक्टेयर भूमि को 'जैविक क्षेत्र' के रूप में प्रमाणित किया है।
नोट: यह जैविक प्रमाणीकरण से सम्मानित किया जाने वाला पहला विशाल निकटवर्ती क्षेत्र बन गया। LAC कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (DAC & FW) की प्रमुख योजना 'परम्परागत कृषि विकास योजना (PKVY)' के अंतर्गत एक प्रमाणन कार्यक्रम है। जैविक प्रमाणीकरण से किसानों को देश के उभरते हुए जैविक खाद्य बाजार तक सीधी पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. माटी महोत्सव भारत के **पूर्वांचल** क्षेत्र में मनाया जाता है।
नोट: पूर्वांचल महोत्सव 'माटी' का प्रथम संस्करण 2018 में सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पूर्वांचल (वाराणसी, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, आजमगढ़, मिर्जापुर एवं प्रयाग मंडल तथा उत्तर प्रदेश के संपूर्ण अवध क्षेत्र) में लोक कलाओं और मधुर संगीत, पारंपरिक भोजन, साहित्य, जातीय संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया था।

2. पीएम-कुसुम योजना के तहत भारत की पहली कृषि-आधारित सौर ऊर्जा परियोजना शुरू करने वाला पहला राज्य **राजस्थान** है।
नोट: इसकी क्षमता 1 मेगावाट है और यह 3.5 एकड़ की अर्ध-बंजर भूमि में फैला हुआ है। इसे लगभग 3.7 करोड़ रुपये के निवेश पर विकसित किया गया है। परियोजना द्वारा उत्पन्न बिजली राजस्थान विद्युत निगम लिमिटेड (3.14 रुपये प्रति यूनिट की दर से) द्वारा खरीदी जाएगी।

3. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य **राजस्थान** है।

नोट: इस लॉन्च के साथ, राजस्थान प्रत्येक वर्ष हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया। स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2021-22 का राज्य बजट पेश करने के दौरान की गई थी। यह योजना 3,500 करोड़ रुपये की है।

4. विश्व बैंक ने मिजोरम में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हेतु 32 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 234.80 करोड़ रुपये) मंजूर किए हैं।

नोट: विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने मिजोरम में प्रबंधन क्षमता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु 32 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 234.80 करोड़ रुपये) की 'मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रॉजेक्ट' नामक परियोजना को मंजूरी दी। यह परियोजना मिजोरम को स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता प्रमाणन में सुधार करने, मानव संसाधन बढ़ाने, स्वास्थ्य बीमा और अन्य नवाचारों में सुधार करने में मदद करेगी।

5. विश्व बैंक और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने पंजाब राज्य में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2190 करोड़ रुपये) की नहर-आधारित पेयजल परियोजना के लिए ऋण को मंजूरी दे दी है।

नोट: विश्व बैंक (WB) और एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) ने पंजाब में 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2190 करोड़ रुपये) की नहर-आधारित पेयजल परियोजना के लिए ऋण को मंजूरी दी है। पूरी परियोजना को विश्व बैंक के इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) (105 मिलियन अमेरिकी डॉलर), AIIB (105 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और पंजाब सरकार (90 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाएगा।

6. NSC और PPF जैसी लघु बचत योजनाओं में **पश्चिम बंगाल** राज्य का सर्वाधिक योगदान है।

नोट: वित्त मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, जनसंख्या के मामले में इसके बाद सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है, जहां 2017-18 (अंतिम अपडेट) के दौरान 5.96 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह में से 69,660.70 करोड़ रुपये का सकल संग्रह हुआ है। 2021-22 की पहली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज की दर 1 अप्रैल से शुरू हो रही है और 30 जून, 2021 को समाप्त हो रही है, जो 2020-21 की चौथी तिमाही (1 जनवरी से 31 मार्च, 2021) के लिए अधिसूचित रहेगी।

7. अम्बोली पश्चिमी घाट में **महाराष्ट्र** राज्य में स्थित है जिसे हाल ही में जैव विविधता धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

नोट: इस जैव विविधता स्थल में एक दुर्लभ मीठे जल की मछली प्रजाति शिस्टुरा हिरण्यकेशी की खोज की गई है। इससे पहले, गढ़चिरौली जिले में अल्लापल्ली वैभव, जलगांव में लंढोर खोरी उद्यान, पुणे में गणेश खिंड, सिंधुदुर्ग जिले में मिरिस्टिका दलदली वनस्पति को जैव विविधता धरोहर स्थल घोषित किया गया है। जैव विविधता धरोहर स्थल भारत में जैव विविधता महत्व के अधिसूचित क्षेत्र हैं।

8. **उत्तर प्रदेश** राज्य सरकार ने राज्य में कोविड टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी उपहार योजना शुरू की है।

नोट: उप्र सरकार 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर टीकाकरण कराने वालों के लिए एक लकी ड्रा आयोजित करेगी। 25,000 से अधिक लाभार्थियों (जिन्होंने टीके की खुराक ली है) वाले जिले, इस उपहार योजना के पात्र होंगे। लकी ड्रा के बाद लाभार्थियों को 4 उपहार दिए जाएंगे।

9. **विश्व बैंक** मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथिंग प्रॉजेक्ट का वित्तपोषण कर रहा है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: मिजोरम सरकार मिजोरम हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथिंग प्रॉजेक्ट को लागू कर रही है। विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने मिजोरम में प्रबंधन सेवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए 32 मिलियन डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी है।

10. **ओडिशा** राज्य सरकार ने कोविड 19 संक्रमणों के प्रसार का मुकाबला करने के लिए 14 दिवसीय मास्क अभियान शुरू किया है।
नोट: उद्देश्य: मास्क के उपयोग को आदत में बदलना। यह कोविड-19 के मौजूदा प्रसार को नियंत्रित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, ओडिशा राज्य सरकार ने उल्लंघनकर्ताओं के लिए जुर्माना 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया है।
11. **महाराष्ट्र** राज्य को भारत का पहला फ्लोटिंग LNG स्टोरेज और रिगैसिफिकेशन यूनिट प्राप्त हुआ है।
नोट: FSRU आधारित LNG टर्मिनलों का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल और दक्ष तरीके से प्राकृतिक गैस आयात क्षमता को बढ़ाना है। बंदरगाह महाराष्ट्र का पहला गहरे पानी वाला 24×7 परिचालित निजी बंदरगाह है।
12. **लद्दाख** ने 50-मेगा वाट सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना हेतु सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, लेह हिल काउंसिल और सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (SECI लिमिटेड) ने लेह जिले के तरु में 50 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्बन उत्सर्जन कम करने के देश के प्रयासों में योगदान देने के लिए लद्दाख के पास 33GW नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता है। केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन, लेह हिल काउंसिल और सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने लेह के तरु में 50 मेगावाट की परियोजना के साथ सौर ऊर्जा काम में लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
13. केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड में राजमार्ग परियोजनाओं के लिए **1,210.17 करोड़ रुपये** की राशि मंजूरी दी गई है।
नोट: ये परियोजनाएं 231.04 किमी राजमार्गों के निर्माण के लिए हैं। इनमें 48.19 करोड़ रुपये के बजट के साथ राज्य लोक निर्माण विभाग (PWD) के अंतर्गत उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग -309B का EPC (इंजीनियरिंग, निर्माण और खरीद) मोड पर सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है।
14. **राजस्थान** राज्य सरकार ने जन अनुशासन पखवाड़ा (JAP) या सार्वजनिक अनुशासन पखवाड़ा की घोषणा की है।
नोट: यह फैसला उस दिन आया जब राज्य ने पहली बार 10,000 नए केसों के आंकड़े को पार किया। JAP अनिवार्य रूप से कर्फ्यू का एक विस्तार है जिसे राजस्थान सरकार ने सप्ताहांत के लिए घोषित किया था। हालांकि, सरकार ने मुख्य रूप से दोनों से जुड़ी व्याख्याओं के कारण इसे न तो लॉकडाउन कहा है, न ही कर्फ्यू,, जैसा कि अतीत में लागू किए गए हैं।
15. **झारखण्ड** राज्य सरकार ने राज्य में बढ़ती कोविड-19 संक्रमण दर की श्रृंखला को तोड़ने के लिए 22 से 29 अप्रैल तक "हेल्थ सेफ्टी वीक" मनाने की घोषणा की है।
नोट: लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर पर रहें और अनावश्यक काम से बाहर न जाएं। आवश्यक सेवाएं और चिकित्सा सेवाएं जारी रहेंगी और निजी क्षेत्र, केंद्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालय खुले रहेंगे।
16. **झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM)** पहली ऐसी पार्टी है जिसने उस संस्था का नाम घोषित किया है जिसने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से उसे दान किया।
नोट: पार्टी की 2019-20 योगदान रिपोर्ट में 1 करोड़ रुपये के दान की घोषणा की गई थी। झारखंड में सत्तारूढ़ पार्टी की योगदान रिपोर्ट के अनुसार, दान एल्यूमीनियम और तांबा निर्माण कंपनी हिंडाल्को द्वारा किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

17. हाल ही में जारी की गई 672 करोड़ रुपये की पहली किश्त के लिए **आंध्र प्रदेश** राज्य में जगन्ना विद्या दीवेना योजना शुरू की गई है।
नोट: इसने 10.88 लाख छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति की। अब तक कुल 4, 879 करोड़ रुपये जगन्ना विद्या दीवेना योजना के तहत वितरित किए जा चुके हैं। जगन्ना विद्या दीवेना योजना का मुख्य उद्देश्य उन सभी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना है जो अपने वित्तीय बोझ के कारण अपनी फीस का भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं। यह योजना मुख्य रूप से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य राज्य के 14 लाख से अधिक छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान करना है।
18. पंजाब राज्य सरकार ने 2022 तक 'हर घर जल' लक्ष्य हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।
नोट: पंजाब में 34.73 लाख ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें से 25.88 लाख (74.5%) में नल के पानी की आपूर्ति है। 2021-22 में, राज्य की 8.87 लाख नल कनेक्शन देने की योजना है, ताकि हर ग्रामीण परिवार को नल का कनेक्शन प्रदान किया जा सके। अब तक, पंजाब में 4-जिलों, 29 ब्लॉकों, 5,715 पंचायतों और 6,003 गांवों को 'हर घर जल' घोषित किया गया है, जिसका अर्थ है कि हर ग्रामीण परिवार की नल के पानी तक पहुंच है।
19. **महाराष्ट्र** राज्य को भारत की पहली फ़्लोटिंग स्टोरेज एंड रिगैसिफिकेशन यूनिट (FSRU) प्राप्त हुई है।
नोट: SRU आधारित LNG टर्मिनलों का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल और कुशल तरीके से प्राकृतिक गैस आयात क्षमता को गति प्रदान करना है। बंदरगाह महाराष्ट्र का पहला गहरे पानी का 24×7 परिचालित निजी बंदरगाह है।
20. **आंध्र प्रदेश** राज्य सरकार ने 300 से अधिक कॉलेजों और कौशल विकास केंद्र में लगभग 1.6 लाख छात्रों और बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
नोट: यह राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी स्नातकों को समाविष्ट करने की अपनी तरह की सबसे बड़ी और पहली पहल है। माइक्रोसॉफ्ट स्केलेबल स्किल अनुभव प्रदान करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के साथ सहयोग करेगा, जिसमें 40 कोर्स तक पहुंच और माइक्रोसॉफ्ट के लर्निंग रिसोर्स सेंटर, माइक्रोसॉफ्ट लर्न पर प्रमाणपत्र शामिल हैं।
21. कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) ने 25 वर्षों के लिए ऊर्जा खरीद समझौते (PPA) के तहत 100 मेगावॉट सौर ऊर्जा की बिक्री हेतु गुजरात राज्य के साथ अपने पहले सौर ऊर्जा खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: CIL ने PPA किया और 18 महीने के भीतर 41 मिलियन करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ GUVNL को 100 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की। 100 मेगावाट की परियोजना को सोलर ईपीसी कॉन्ट्रेक्टर (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) के माध्यम से निष्पादित किया जाएगा। CIL की योजना 2024 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की है और यह कंपनी के आंतरिक संसाधनों, विशेष प्रयोजन साधनों (SPV), और बैंक ऋणों के माध्यम से सौर ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 13,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।
22. हरियाणा राज्य सरकार ने कोविड-19 मरीजों को दवा, ऑक्सीजन और अन्य चिकित्सा सुविधाओं की आपूर्ति करने वाले नए और पुराने उद्यमियों के लिए 'कोविड आपातकालीन ऋण योजना' शुरू की है।
नोट: इसके लिए राज्य सरकार ने 500 करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया है। इस योजना के तहत, हरियाणा सरकार कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए विभिन्न मौजूदा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वर्तमान में राज्य में कार्यरत व्यवसायियों के वर्तमान उत्पादन को बढ़ाने या नई इकाई स्थापित करने में उनकी मदद करेगी।
23. हरियाणा राज्य सरकार ने 'HARIHAR योजना' को मंजूरी दी, जिसके तहत परित्यक्त, आत्मसमर्पित बच्चों

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

और चाइल्ड-केयर संस्थानों में रहते हुए 18 वर्ष के होने वाले बच्चों को नौकरी प्रदान की जाएगी।

नोट: 5 वर्ष से कम उम्र के परित्यक्त और एक वर्ष की उम्र से पहले आत्मसमर्पण करने वाले बच्चे हरियाणा सरकार की HARIHAR पहल के लाभों के पात्र होंगे। नीति के तहत पात्र बच्चों को शिक्षा, रोजगार और वित्तीय सहायता का लाभ मिलेगा। नीति में 25 वर्ष की आयु या विवाह जो भी पहले हो, तक आर्थिक सहायता के अलावा मुफ्त स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण और हरियाणा में घर खरीदने के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने का प्रावधान है।

24. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBP) ने **उत्तराखंड** राज्य में 'वाटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर इंस्टीट्यूट (WSAI) की स्थापना की है।

नोट: संस्थान का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत के साथ केंद्रीय खेल राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने किया। औली में ITBP का माउंटनीरिंग एंड स्कीइंग इंस्टीट्यूट स्वतंत्र रूप से इस संस्था को चलाएगा।

25. महाराष्ट्र राज्य सरकार ने अस्पतालों में ऑक्सीजन की बर्बादी को रोकने के लिए ऑक्सीजन नर्सों की नियुक्ति की घोषणा की है।

नोट: ऑक्सीजन नर्स का प्राथमिक काम चौबीसों घंटे ऑक्सीजन की आवश्यकता की निगरानी करना, रोगियों में इसका उपयोग और न्यूनतम अपव्यय सुनिश्चित करना है। नर्सों की एक विशेष टीम बनाने के लिए सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. पहली वर्ल्ड इम्युनाइजेशन एंड लॉजिस्टिक्स समिट 2021 विश्व के **अबु धाबी, यूएई** में आयोजित किया गया।

नोट: भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन 'फोकस ऑन एशिया: वैक्सीन प्रोडक्शन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इन एशिया' पर अंतिम पैनल चर्चा में वर्चुअली शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग, अबू धाबी द्वारा पूर्ण वैश्विक टीका वितरण के लिए द होप कंसोर्टियम की शुरुआत की गई।

2. दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी लॉन्गी ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी कंपनी जो **चीन से सम्बंधित** कंपनी है, हाइड्रोजन बाजार में प्रवेश करने जा रही है।

नोट: चीन की लॉन्गी ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजी कंपनी जो दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी हैं, हाइड्रोजन बाजार में प्रवेश कर रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हाइड्रोजन एक कार्बन-मुक्त ईंधन है जो जल के विद्युत अपघटन द्वारा उत्पादित किया जा सकता है और फिर संग्रहीत तथा परिवहन किया जा सकता है और कारों, विद्युत जनरेटर से लेकर स्टील मिलों तक हर संभव मशीनरी में उपयोग किया जाता है। यह कंपनी, जो वेफर्स, सेल और पैनल बनाती है, लगभग 52 बिलियन डॉलर के बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से दुनिया की सबसे बड़ी सौर कंपनी है।

3. उन्नत रोग निगरानी प्रणाली इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन प्लेटफार्म (IHIP) को अपनाने वाला दुनिया का पहला देश **भारत** है।

नोट: स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के साहसी, अत्याधुनिक और प्रासंगिक एकीकरण पर अपना उत्साह व्यक्त किया। भारत ऐसी उन्नत रोग निगरानी प्रणाली अपनाने वाला दुनिया का पहला देश है। उन्होंने बताया कि IHIP का नया संस्करण भारत के रोग निगरानी कार्यक्रम के लिए डेटा प्रविष्टि और प्रबंधन का केंद्र होगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. वजोसा उस्मानी को **कोसोवो** की नई राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया है।
   नोट: 20 सदस्यीय संसद में 82 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया और 11 मत अवैध घोषित किए गए। 38 वर्षीय राजनीतिज्ञ ने कोसोवो की प्रिस्टिना यूनिवर्सिटी में कानून का अध्ययन किया और अमेरिका में पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।
5. भारत ने वायुमंडलीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जापान के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है, जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी।
   नोट: शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग तथा विनिमय के लिए नवंबर 2020 में राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (NARL) और अंतरिक्ष विभाग और रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल ह्यूमेनोस्फीयर (RISH), क्योटो यूनिवर्सिटी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से शिगाताकी, जापान में मिडिल एंड अपर ऐटमॉस्फीयर (MU) रडार, कोटाटाबैंग, इंडोनेशिया में इक्यूटोरियल ऐटमॉस्फीयर रडार (EAR), और RISH से उपलब्ध पूरक उपकरणों और मीज़ोस्फीयर-स्ट्रैटोस्फीयर-ट्रोपोस्फीयर (MST) रडार और NARL पर उपलब्ध पूरक उपकरण जैसी सुविधाओं के पारस्परिक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।
6. भारत और **मालदीव** के बीच काउंटर टेररिज्म, काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म और डी-रेडिकलाइजेशन' पर संयुक्त कार्यदल की पहली बैठक हाल ही में अप्रैल, 2021 को हुई।
   नोट: भारत और मालदीव ने काउंटर टेररिज्म के साथ-साथ वायलेंट एक्ट्रीमिज्म और डी-रेडिकलाइजेशन का मुकाबला करने के लिए क्षमता निर्माण तंत्र विकसित करने का फैसला किया। भारत-मालदीव के काउंटर टेररिज्म, काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म और डी-रेडिकलाइजेशन पर संयुक्त कार्यदल की पहली बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों पक्ष मालदीव की सुरक्षा तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित एजेंसियों के लिए सहायता और क्षमता निर्माण सहित सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ काउंटर टेररिज्म, हिंसक उग्रवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के क्षेत्रों में सर्वोत्तम अभ्यासों के आदान-प्रदान पर सहमत हुए।
7. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **द नीदरलैंड्स** के प्रधान मंत्री मार्क रुटे के साथ एक वर्चुअल समिट आयोजित की।
   नोट: बैठक के दौरान दोनों देश भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक साथ काम करने पर सहमत हुए हैं। भारत और नीदरलैंड लोकतंत्र, विधि शासन और स्वतंत्रता के साझा मूल्यों के आधार पर सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। दोनों देशों का जल प्रबंधन, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट सिटी आदि में व्यापक सहयोग है।
8. सिंगापुर देश ने जलवायु परिवर्तन पर BASIC की मंत्रीस्तरीय बैठक की मेजबानी की।
   नोट: ऐसे समय में जब यूरोपीय संघ अपने हरित विस्तार के भाग के रूप में 'कार्बन बॉर्डर टैक्स' के विचार के साथ खेल रहा है, BASIC राष्ट्रों - ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत और चीन ने यह कहते हुए संयुक्त रूप से इस कदम का विरोध किया है कि ऐसा व्यापार प्रतिबंध जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के तहत न केवल भेदभावपूर्ण बल्कि समानता के सिद्धांतों के खिलाफ भी होगा। दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान जलवायु संबंधी क्रियाओं पर चर्चा करते हुए BASIC राष्ट्रों ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की।
9. चीन के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता 'रीजनल कॉम्प्रीहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (RCEP) समझौते को मंजूरी देने वाला पहला देश **सिंगापुर** है।
   नोट: ऐसा करने के बाद, सिंगापुर 15 प्रतिभागी देशों में RCEP को मंजूरी देने वाला पहला देश बन गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

RCEP के प्रभावी होने के लिए पहले इसे कम से कम छह आसियान और तीन गैर-आसियान सदस्य राष्ट्रों द्वारा मंजूर किया जाना चाहिए। एक बार लागू होने के बाद, RCEP दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता होगा, जिसमें दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी और दुनिया की लगभग 30% अर्थव्यवस्था शामिल है।

10. संयुक्त अरब अमीरात की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री **नौरा अल-मातरोशी** है।

नोट: संयुक्त अरब अमीरात ने 10 अप्रैल को अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में अगले दो अंतरिक्ष यात्रियों को नामित किया, जिसमें देश की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थी। नौरा अल-मतरोशी UAE की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। इस घोषणा ने उनके या उनके पुरुष समकक्ष, मोहम्मद अल-मुल्ला के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी।

11. UAE के भारतीय मूल के बिजनेस टाइकून **यूसुफ अली एमए** को समुदाय के प्रति उनके उत्कृष्ट और धर्मार्थ योगदान के लिए अबू धाबी के शीर्ष नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नोट: अबू धाबी के क्राउन प्रिंस, शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भारतीय मूल के व्यवसायी यूसुफ अली एमए और 11 अन्य व्यक्तियों को समुदाय के प्रति उनके उत्कृष्ट और धर्मार्थ योगदान के लिए अबू धाबी के शीर्ष नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। अबू धाबी के व्यापार, उद्योग और विभिन्न परोपकारी पहलों के समर्थन में उत्कृष्ट योगदान के लिए केरल में जन्मे यूसुफ अली को प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया गया।

12. **उज़्बेकिस्तान और कजाकिस्तान** दो एशियाई देशों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक सहयोग केंद्र 'सेंट्रल एशिया' का निर्माण शुरू किया है।

नोट: उज्बेकी प्रधान मंत्री अब्दुल्ला अरिपोव और उनके कजाकिस्तानी समकक्ष अस्कर मैमिम ने लॉजिस्टिक सेंटर के निर्माण स्थल पर एक आधारशिला रखी, जो कि बॉर्डर चेक पोस्ट गिश्त कुपरिक के आसपास के क्षेत्र में स्थित है। कज़ाकिस्तानी प्रधान मंत्री की आधिकारिक वेबसाइट पर एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्र, जो 400 हेक्टेयर भूमि पर है, में दोनों दिशाओं में प्रति दिन 35,000 लोगों और 5,000 ट्रकों के समायोजन की क्षमता होगी।

13. भारत ने यूनाइटेड नेशंस ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए देश का योगदान 1 मिलियन डॉलर से अधिक करते हुए **500,000 डॉलर** की अतिरिक्त राशि का योगदान दिया है।

नोट: इस राशि के साथ, भारत का अब तक का कुल योगदान 1.05 मिलियन डॉलर है। भारत ने कहा कि वह आतंकवाद का मुकाबला करने के समान उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ काम करने में दिलचस्पी रखता है।

1. **न्यूजीलैंड** ने ऐसा विधेयक पेश किया है जिसके लिए बैंकों, बीमा कंपनियों और परिसंपत्ति प्रबंधकों को जलवायु परिवर्तन पर अपने वित्तपोषण के प्रभावों की सूचना देनी होगी।

नोट: दुनिया में अपनी तरह का पहला विधेयक कहा जाने वाला यह विधेयक इस सप्ताह देश की संसद में पहली बार पढ़ा जाएगा। द्वीप राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती की कोशिश में सबसे आगे रहा है और देश ने 2025 तक अपने सार्वजनिक क्षेत्र के कार्बन को तटस्थ बनाने का संकल्प लिया है। यह वित्तीय कंपनियों को उन कंपनियों के मूल्यांकन के लिए भी बाध्य करेगा, जो पर्यावरणीय प्रभावों के संदर्भ में ऋण दे रही हैं।

2. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म **फेसबुक** के साथ समावेशी इंटरनेट सूचकांक 2021 जारी किया है।

नोट: भारत 2025 तक एक बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाला है। भारत में 2020 में 687.6 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे। फेसबुक 'समावेशी इंटरनेट सूचकांक' में 120 देश रखे

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

गए हैं, जो वैश्विक GDP के 98 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के 96 प्रतिशत को दर्शाते हैं।

3. हाल ही में, **इटली** ने भारत में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं से युक्त अपनी पहली मेगा फूड पार्क परियोजना शुरू की है।
   नोट: प्रायोगिक परियोजना "द मेगा फूड पार्क" को वर्चुअल मोड में मुंबई में ICE कार्यालय और गुजरात के फैनीधर मेगा फूड पार्क के बीच लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर करके लॉन्च किया गया था। परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि और उद्योग के बीच संपर्क विकसित करना है। इसके अलावा, परियोजना क्षेत्र में कुशल प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।
4. सितंबर 2021 में पहली यूनाइटेड नेशंस फूड सिस्टम समिट 2021 **न्यूयॉर्क, अमेरिका** में आयोजित की गई।
   नोट: यह समिट 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (SDG) हासिल करने के लिए डेकेड टू एक्शन (2020-30) का एक भाग है। शिखर सम्मेलन सभी 17 SDG पर प्रगति प्रदान करने के लिए नए कार्यों का शुभारंभ करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य वैश्विक नेताओं के साथ आयोजन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्यों को रणनीतिक बनाना है।
5. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2021 में जापान का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट घोषित किया गया है।
   नोट: भारत सूची में 84वें स्थान पर है, क्योंकि भारतीय नागरिक 58 से अधिक स्थानों पर वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल पर जा सकते हैं। जापानी पासपोर्ट धारकों के पास अफगानिस्तान के नागरिकों की तुलना में 167 अधिक स्थानों के लिए वीज़ा-फ्री या वीज़ा-ऑन-अराइवल है, जो रैंकिंग में सबसे नीचे हैं क्योंकि वे पूर्व वीज़ा की आवश्यकता के बिना केवल 26 स्थानों पर जा सकते हैं।
6. अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में **नॉर्वे** को प्रथम स्थान मिला।
   नोट: रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में शामिल किया गया है। भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था। भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।
7. अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी और गैर-सरकारी संगठन "रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2021 में **इरिट्रिया** सबसे नीचले स्थान पर है।
   नोट: रिपोर्ट में भारत को पत्रकारों के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में शामिल किया गया है। भारत 2020 में भी 142वें स्थान पर था। भारत को ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ "खराब" श्रेणी में स्थान दिया गया था। दक्षिण एशिया में नेपाल को 106, श्रीलंका को 127, म्यांमार को 140, पाकिस्तान को 145 और बांग्लादेश को 152वें स्थान पर रखा गया। चीन को 177 और अमेरिका को 44वां स्थान मिला।
8. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा जारी 'ग्लोबल एनर्जी रिव्यू 2021' के अनुसार, वैश्विक CO2 उत्सर्जन 2020 की तुलना में 2021 में **5 प्रतिशत** बढ़ने की उम्मीद है।
   नोट: यह 2010 के बाद से उत्सर्जन में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि होगी। CO2 उत्सर्जन में वृद्धि का प्रमुख कारण कोयले की मांग में वृद्धि है। 2021 में कोयला 4.5% बढ़ेगा। रिपोर्ट विश्व ऊर्जा और CO2 उत्सर्जन में नवीनतम रुझानों पर IEA का वार्षिक अपडेट है।
9. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) जो विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रों की ऊर्जा प्रणालियों के हालिया प्रदर्शन पर

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

उनकी निगरानी करता है, द्वारा जारी एनर्जी ट्रांजिशन इंडेक्स (ETI) 2021 में **स्वीडन** का स्थान पहला है।
नोट: एक्सेंचर के सहयोग से तैयार की गई रिपोर्ट ETI पर अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। सूचकांक में शीर्ष 10 देश पश्चिमी और उत्तरी यूरोपीय देश हैं, जिनमें स्वीडन पहले स्थान पर है, इसके बाद नॉर्वे और डेनमार्क हैं। "चीन (68) और भारत (87), जो सामूहिक रूप से वैश्विक ऊर्जा मांग का एक तिहाई भाग हैं, दोनों ने पिछले एक दशक में मजबूत सुधार किए हैं, लेकिन कोयले उनके ऊर्जा मिश्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

10. संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा **त्बिलिसी, जॉर्जिया** को 2021 के लिए वर्ल्ड बुक कैपिटल चुना गया है।
नोट: यूनेस्को के अनुसार, जॉर्जिया के त्बिलिसी शहर को 2021 के लिए वर्ल्ड बुक कैपिटल चुना गया था। विश्व पुस्तक दिवस हर वर्ष 23 अप्रैल को यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस 2021 के समारोह के रूप में, यूनेस्को ने एक 'बुकफेस' चैलेंज शुरू किया है।

11. टीबी वैक्सीन पर छठी वैश्विक फोरम 22 से 24 फरवरी 2022 तक **टूलूज़, फ्रांस में** में बुलाई जाएगी।
नोट: टीबी वैक्सीन पर पांचवां वैश्विक फोरम 20 अप्रैल से 22 अप्रैल 2021 तक वर्चुअली आयोजित किया गया था। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) के केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाग लिया। फोरम को इंटरनेशनल एड्स वैक्सीन इनीशिएटिव (IAVI) और ट्यूबरकुलोसिस वैक्सीन इनीशिएटिव (TBVI) के सहयोग से स्टॉप टीबी पार्टनरशिप वर्किंग ग्रुप ऑन न्यू वैक्सीन द्वारा बुलाया गया है।

12. **लंदन** शहर ने वर्ल्ड सिटीज़ कल्चरल फोरम (WCCF) 2021 की मेजबानी की।
नोट: यह लंदन, टोक्यो और न्यूयॉर्क सहित दुनिया के 40 शीर्ष शहरों का एक फोरम है। WCCF एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है जिसमें सदस्य शहरों से संस्कृति और संस्कृति प्रमुखों के लिए उप महापौरों भाग लेते हैं और इसे प्रत्येक सदस्य शहर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। WCCF 2021 का विषय "The Future of Culture" है।

13. अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता की गैर-लाभकारी संस्था रिपोर्टरों विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2021 में नॉर्वे लगातार **पांचवीं बार** शीर्ष पर रहा।
नोट: नॉर्वे लगातार 5वीं बार सूचकांक में सबसे ऊपर था उसके बाद फिनलैंड और स्वीडन थे। 46.56 के स्कोर के साथ भारत 142वें रैंक पर रहा। इसके अलावा, 2020 में भारत 142वें स्थान पर था। भारत को प्रेस फ्रीडम के लिए 'खराब' माहौल वाले देश के रूप में वर्गीकृत किया गया है, यह ब्राजील, मैक्सिको और रूस के साथ है।

14. टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इंपैक्ट रैंकिंग 2021 के तीसरे संस्करण में **मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी, यूके** शीर्ष स्थान पर रहा।
नोट: वैश्विक स्तर पर, मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी (यूके), सिडनी यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) और RMIT यूनिवर्सिटी (ऑस्ट्रेलिया) शीर्ष 3 स्थानों पर रहे। अमृता विश्व विद्यापीठम, तमिलनाडु विश्व के शीर्ष 100 शैक्षणिक संस्थानों की सूची में जगह बनाने वाला एकमात्र भारतीय विश्वविद्यालय बना। टाइम्स हायर एजुकेशन (THE) इम्पैक्ट रैंकिंग 2021 के तीसरे संस्करण में इसे 81वीं (समग्र रैंकिंग) रैंक दी गई।

15. **भारत** 'नेट ज़ीरो प्रोड्यूसर्स फोरम' का सदस्य देश नहीं है जो जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है।
नोट: सऊदी अरब ने फोरम में शामिल होने का फैसला किया। सऊदी अरब दुनिया का सबसे बड़ा कच्चा तेल निर्यातक है। सऊदी अरब का लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से देश की ऊर्जा का 50% उत्पन्न करके अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पृथ्वी दिवस पर शुरू

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

किए गए दो दिवसीय जलवायु शिखर सम्मेलन की शुरुआत में 2005 के स्तर से उत्सर्जन में 50%-52% की कटौती करने की योजना का अनावरण किया और इसमें चीन, भारत और रूस जैसे बड़े उत्सर्जकों सहित लगभग 40 देशों के नेताओं ने भाग लिया।

16. **यूनाइटेड किंगडम** दुनिया का सबसे शक्तिशाली मौसम, जलवायु-परिवर्तन पूर्वानुमान लगाने वाला सुपर कंप्यूटर बनाएगा।

नोट: सुपर कंप्यूटर जिसके 2022 में चालू होने की संभावना है, गंभीर मौसम पर सटीक चेतावनी प्रदान करेगा और यूके में तेज बढ़ते तूफान, बाढ़ और बर्फ के प्रभाव से बचाने में मदद करेगा। फरवरी 2020 में, यूके सरकार ने इस सुपर कंप्यूटर को विकसित करने के लिए 1.2 बिलियन पाउंड (लगभग 12,400 करोड़ रुपये) की फंडिंग की घोषणा की थी, जो दुनिया के शीर्ष 25 सुपर कंप्यूटरों में से एक होने की उम्मीद है।

17. **यूनिसेफ** ने रिपोर्ट "जेंडर बायस एंड इंक्लूजन इन एडवरटाइजिंग इन इंडिया" जारी की, जिसमें टीवी और विज्ञापनों में भारतीय महिलाओं की स्थिति का विश्लेषण किया है।

नोट: जीना डेविस इंस्टीट्यूट ऑन जेंडर इन मीडिया के साथ यूनिसेफ द्वारा किए गए शोध 2019 में 1,000 से अधिक सर्वाधिक देखे गए विज्ञापनों के विश्लेषण के माध्यम से टीवी और यूट्यूब पर भारतीय विज्ञापनों में देखी गई लिंग रुढ़िबद्धता के स्तर और प्रकार को मापते हैं। विज्ञापन अंतर्राष्ट्रीय विज्ञापन संघ (IAA) के इंडियर चैप्टर द्वारा प्रदान किए गए थे और अनुवादित किए गए थे। यूनिसेफ ने साझा किया कि IAA सदस्यों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि वे हानिकारक रूढ़िबद्धता को नष्ट करने के लिए अभियान चला सकें।

18. **फिनलैंड** ने चैंडलर गुड गवर्नमेंट इंडेक्स (CGGI) में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, जो सरकारी क्षमताओं और परिणामों के मामले में 104 देशों को वर्गीकृत करता है।

नोट: सूचकांक सात स्तंभों पर केंद्रित है: नेतृत्व और दूरदर्शिता; सशक्त कानून और नीतियां; मजबूत संस्थान; वित्तीय प्रबंधन; आकर्षक बाज़ार; वैश्विक प्रभाव और प्रतिष्ठा; और लोगों को अभ्युदय में मदद करना। भारत को चैंडलर गुड गवर्नमेंट इंडेक्स (CGGI) में 49वां स्थान दिया गया है, जो सरकारी क्षमताओं और परिणामों के मामले में 104 देशों का वर्गीकरण करता है।

19. **चीन** ने रोबोट प्रोटोटाइप NEO-01 लॉन्च किया है, जो अंतरिक्ष मलबे को पकड़ने में सक्षम है।

नोट: समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, NEO-01, जो छोटे आकाशीय पिंडों का निरीक्षण करने के लिए गहरे अंतरिक्ष पर भी पहुंचेगा, को कुछ उपग्रहों के साथ सरकार के लॉन्ग मार्च 6 रॉकेट पर लॉन्च किया गया। कंपनी के अनुसार, शेन्ज़ेन स्थित ओरिजिन स्पेस द्वारा विकसित 30 किग्रा का रोबोट क्षुद्रग्रहों पर खनन में सक्षम भविष्य की तकनीकों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

20. **भारत** और **ऑस्ट्रेलिया** के साथ **जापान** ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नि:शुल्क, पारदर्शी व्यापार और निवेश वातावरण पर ध्यान देने के साथ एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 'सप्लाई चेन रेजिलिएंस इनिशिएटिव (SCRI)' लॉन्च की है।

नोट: यह तीनों देशों की चीन पर निर्भरता को कम करेगा और व्यापार पर इसके प्रभुत्व का मुकाबला करेगा। शुरुआती चरणों के दौरान, SCRI आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन पर सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और हितधारकों के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने हेतु निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

21. मोटरमार्ग पर सेल्फ-ड्राइविंग कारों की अनुमति देने वाला दुनिया का पहला देश **यूनाइटेड किंगडम** है।

नोट: सेल्फ-ड्राइविंग व्हीकल सिस्टम का सुरक्षित उपयोग करने के लिए, यूके का परिवहन मंत्रालय अपने देश की राजमार्ग संहिता को अद्यतित करने के लिए

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

विशिष्ट शब्दावली पर काम कर रहा था। कारों को एक लेन के भीतर रखने के लिए, ऑटोमेटेड लेन कीपिंग सिस्टम (ALKS) नामक एक तकनीक का उपयोग किया जाएगा क्योंकि यह सेल्फ-ड्राइविंग कारों को तेज करने और मैनुअल इनपुट के बिना रोकने के लिए मार्गदर्शन हेतु सेंसर और सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. **डॉ. शरणकुमार लिंबाले** को के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा सरस्वती सम्मान 2020 के लिए चुना गया है।
   नोट: सरस्वती सम्मान 2020 तीसवां सरस्वती सम्मान है। पुस्तक 'सनातन' में अछूतों के सामाजिक-सांस्कृतिक संघर्ष की कहानी दिखाती है। सरस्वती सम्मान 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। यह भारत के सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कारों में से एक है।
2. 2019 के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से **रजनीकांत** को सम्मानित किया जाएगा।
   नोट: सिनेमा में भारत का सर्वोच्च सम्मान।
   प्रस्तुतकर्ता: फिल्म समारोह निदेशालय इसका नाम धुंदिराज गोविंद फाल्के के नाम पर रखा गया है, जो भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है। इसे 1969 में स्थापित किया गया था। प्राप्तकर्ता को एक स्वर्ण कमल (गोल्डन लोटस) पदक, एक शॉल और 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलता है।
3. **हैमनेट** उपन्यास ने फिक्शन के लिए नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल प्राइज जीता।
   नोट: मैगी ओ'फारेल के हैमनेट को फिक्शन के लिए नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल प्राइज से सम्मानित किया गया। वर्तमान महामारी के लिए समयोजित कहानी 'हैमनेट' परिवार पर लड़के की बीमारी और उसकी मौत के प्रभाव की छान-बीन करती है। वह शेक्सपियर का इकलौता पुत्र था।
4. वर्ष 2021 के लिए कलिंग रत्न सम्मान से **बिस्वभूषण हरिचंदन** को सम्मानित किया गया।
   नोट: यह एम. वेंकैया नायडू द्वारा आदिकवि सरला दास की 600वीं जयंती और सरला साहित्य संसद के 40वें समारोह के दौरान दिया गया। इस पुरस्कार में देवी सरस्वती की एक चांदी की प्रतिमा और एक तांबे की पट्टिका दी गई। सरला दास 15वीं शताब्दी की एक उत्कृष्ट साहित्यिक प्रतिभा थीं, जिन्हें आदि कवि के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने ओडिया में साहित्यिक कृतियां लिखीं।
5. 2020 एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी (ACM) ए.एम. ट्यूरिंग अवार्ड, जिसे अनौपचारिक रूप से "कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है, **अल्फ्रेड वी. अहो** ने जीता।
   नोट: लॉरेंस गस्मैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस, अल्फ्रेड वी. अहो ने 2020 एसोसिएशन फॉर कम्प्यूटिंग मशीनरी (ACM) ए.एम. ट्यूरिंग अवार्ड जीता, जिसे अनौपचारिक रूप से "कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है। अहो ने अपने दीर्घकालीन सहयोगी जेफरी डेविड उल्मैन के साथ पुरस्कार साझा किया। अहो और उल्मैन ने 1967 में बेल लैब्स में एक साथ काम करना शुरू किया और उनके प्रारंभिक प्रयासों में प्रोग्रामिंग भाषाओं का विश्लेषण और अनुवाद करने के लिए कुशल एल्गोरिदम का विकास शामिल था।
6. दुनिया के अरबपतियों की फोर्ब्स की वार्षिक सूची 2021 में शीर्ष पर **जेफ बेजोस** हैं।
   नोट: जेफ बेजोस ने दुनिया के अरबपतियों की फोर्ब्स की वार्षिक सूची 2021 में लगातार चौथे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारत के सबसे अमीर

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अरबपति मुकेश अंबानी 84.5 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दसवें स्थान पर रहे। एलोन मस्क दूसरे स्थान पर रहे, इसके बाद बर्नार्ड अरनॉल्ट, बिल गेट्स और मार्क जुकरबर्ग का स्थान है।

7. वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु जीडी बिड़ला पुरस्कार 2021 के लिए **सुमन चक्रवर्ती को** चुना गया है।
नोट: सुमन चक्रवर्ती को वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु जीडी बिड़ला पुरस्कार 2021 के लिए चुना गया है। वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), खड़गपुर में एक संकाय सदस्य हैं, उन्हें किफायती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अभियांत्रिकी विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान और विकासशील प्रौद्योगिकियों में अनुप्रयोगों हेतु चुना गया है।
8. प्रसिद्ध देवीशंकर अवस्थी पुरस्कार 2021 से **आशुतोष भारद्वाज** को सम्मानित किया गया।
नोट: यह सम्मान उन्हें उनकी रचना 'पितृ-वध' के लिए दिया गया है। उन्हें अशोक वाजपेयी, नंदकिशोर आचार्य और राजेंद्र कुमार की चयन समिति द्वारा चुना गया था।
9. WWE हॉल ऑफ फेम क्लास ऑफ 2021 में **ग्रेट खली** को शामिल किया गया ।
नोट: द ग्रेट खली ने WWE के कई दिग्गज सुपरस्टार्स जॉन सीना, बटिस्टा, शॉन माइकल और 2021 हॉल ऑफ फेम केन के साथ फाइट की, जिन्हें हराकर उन्होंने ग्रैंडेस्ट स्टेज ऑफ देम ऑल, रैसलमेनिया में अपनी पहली जीत हासिल की थी।
10. 100 और 200 मीटर में जकार्ता एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता दुती चंद को **छत्तीसगढ़** राज्य द्वारा स्थापित वीरानी पुरस्कार प्राप्त होगा।
नोट: छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा स्थापित यह पुरस्कार खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं के योगदान को सम्मानित करता है। 2019 में, ओडिशा की धावक इटली में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी।
11. **नोमैडलैंड** फिल्म ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविज़न आर्ट्स (BAFTA) 2021 में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता।
नोट: ये पुरस्कार महामारी प्रभावित समारोह के दौरान दिए गए, जिसमें पर्दे की विविध प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। "नोमैडलैंड" की फिल्म निर्माता च्लोए झाओ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए बाफ्टा जीतने वाली दूसरी महिला और पहली वूमन ऑफ कॉलर बनीं, और स्टार फ्रांसेस मैकडोरमैंड को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री नामित किया गया।
12. **दूसरा** सबसे बड़े नागरिक फ्रांसीसी सम्मान नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स (शेवेलियर डेन्स आई'ऑर्डर्स डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस) से **गुनीत मोंगा** को सम्मानित किया जाएगा।
नोट: यह सम्मान पहले मेरिल स्ट्रीप, लियोनार्डो डिकैप्रियो और ब्रूस विलिस जैसे हॉलीवुड स्टार को दिया जा चुका है। उमेश बिष्ट के साथ सान्या मल्होत्रा अभिनीत पगलैट में उनकी हालिया सफलता के बाद, यह मोंगा के लिए एक और गर्व का क्षण है। फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावास ने गुनीत मोंगा को उनकी विविध भौगोलिक और जनसांख्यिकीय सीमाओं से परे विभिन्न उपलब्धियों के लिए शेवेलियर डेन्स आई'ऑर्डर्स डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस उपाधि देने का फैसला किया है।
13. सर रिचर्ड हैडली पदक 2021 **केन विलियमसन** ने जीता।
नोट: उनका टेस्ट सीजन शानदार रहा था। उन्होंने बॉक्सिंग डे में शतक के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 251 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ विलियमसन के शानदार प्रदर्शन ने न्यूजीलैंड को ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने में मदद की।
14. **बेन स्टोक्स** को लगातार दूसरे वर्ष के लिए विजडन लीडिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया है।
नोट: 29 वर्षीय स्टोक्स 2004 में पुरस्कार की स्थापना के बाद से दो बार पुरस्कार जीतने वाले इंग्लैंड के पहले

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात मैचों में 641 के साथ, 2020 में किसी अन्य बल्लेबाज की तुलना में अधिक टेस्ट रन बनाए और 19 विकेट भी लिए हैं। केंट के ऑलराउंडर डेरेन स्टीवंस 1933 के बाद से विजडन के पांच क्रिकेटरों में नामित होने वाले पहले वरिष्ठतम व्यक्ति बन गए।

15. विजडन द्वारा 2021 'लीडिंग वूमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड' पुरस्कार **बेथ मूनी** को दिया गया है।
नोट: मूनी को T20 वर्ल्ड कप प्लेयर चुने जाने के बाद पुरस्कार के लिए पसंदीदा माना गया था, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ MCG में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जीत में बड़ी भूमिका निभाई, जिसमें नाबाद 81, 60, 28 और नाबाद 78 रन की पारी खेली।
16. **अल्फ्रेड वैनो अहो और जेफ्री डेविड उल्मन** को 2020 ACM AM ट्यूरिंग अवार्ड के विजेता **के रूप** में घोषित किया गया है जिसे कंप्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है।
नोट: प्रोग्रामिंग भाषा कार्यान्वयन पर मूलभूत एल्गोरिदम और सिद्धांत के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को कम्प्यूटिंग का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है। अल्फ्रेड वैनो अहो कोलंबिया यूनिवर्सिटी में लॉरेंस गुसमैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस हैं। जेफ्री डेविड उल्मन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में स्टैनफोर्ड डब्ल्यू. एसकरमैन प्रोफेसर एमेरिटस ऑफ कंप्यूटर साइंस हैं।
17. उत्तर प्रदेश राज्य ने श्रेणी I में "ई-पंचायत पुरस्कार 2021" में पहली रैंक जीती।
नोट: यह पुरस्कार केंद्र द्वारा विकसित ई-एप्लीकेशन और राज्य सरकार द्वारा विकसित अन्य एप्लीकेशन को लागू करने में उप्र के प्रयासों को सम्मानित करता है। उत्तर प्रदेश के बाद असम तथा छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर और ओडिशा तथा तमिलनाडु तीसरे स्थान पर थे। ग्राम पंचायतों के कार्यों की निगरानी में ICT के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) द्वारा पुरस्कार की स्थापना की गई थी।
18. 'वाइल्ड एलिमेंट्स फाउंडेशन' द्वारा दिए गए 2021 'वाइल्ड इनोवेटर अवार्ड' के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय और एशियाई महिला **कृति के. करंत** हैं।
नोट: 'वाइल्ड एलिमेंट्स फाउंडेशन' द्वारा दिया गया यह पुरस्कार नवप्रवर्तकों, अधिवक्ताओं और भागीदारों के गुट को "यथास्थिति को तोड़ने और वैश्विक स्थिरता एवं संरक्षण के समाधान की पहचान करने" के लिए एक साथ लाता है।
19. जियो प्लेटफॉर्म के साथ **बायजूज** ने टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की पहली सूची में जगह बनाई है।
नोट: इसने ज़ूम, एडिडास, टिकटॉक, आइकिया, मॉडर्ना और नेटफ्लिक्स के साथ-साथ इनोवेटर्स श्रेणी के तहत जियो प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध किया। बायजूस को डिस्रप्टर्स श्रेणी में टेस्ला, हुआवेई, शोपिफाई, एयरबीएनबी और डीडीचुक्ज़िग के साथ सूचीबद्ध किया गया था।

खेल समाचार

1. पुरुषों की मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप, 2023 की मेजबानी **उज्बेकिस्तान** करेगा।
नोट: ताशकंद को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ उज्बेकिस्तान द्वारा सफल बोली के बाद 2023 **AIBA** पुरुष मुक्केबाजी विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रदान की गई थी। प्रतियोगिता का 22वां संस्करण पहला संस्करण होगा जब उज्बेकिस्तान इसकी मेजबानी करेगा। उज्बेकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के सबसे सक्रिय सदस्यों में से एक है।
2. ओमान में एशियाई क्वालीफायर्स की लेजर रेडियल स्पर्धा में शीर्ष स्थान सुनिश्चित करने के बाद

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला नाविक **नेत्रा कुमानन** हैं।

नोट: 23 वर्षीय कुमानन को एक रेस बाकी होने के साथ लेजर रेडियल क्लास इवेंट में अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी - राम्या सरावनन - जो भारतीय हैं - पर 21 अंकों की बढ़त है। मुसना ओपन चैंपियनशिप में प्रतियोगिता के अंत से ठीक पहले दिन में चेन्नई की कुमानन के वर्तमान में 18 अंक हैं, जबकि सरावनन के 39 अंक हैं, यह एक संयुक्त एशियाई और अफ्रीकी ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतिस्पर्धा है।

3. फीफा ने चाड और पाकिस्तान की फुटबॉल शासी संस्था को निलंबित कर दिया है।

नोट: संबंधित सरकार के फैसले निरस्त होते ही निलंबन हटा लिया जाएगा। अशफाक हुसैन जिन्हें PFF के संचालन के लिए 2018 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चुना गया था, लेकिन फीफा द्वारा मान्यता नहीं प्रदान की गई, के नेतृत्व में फुटबॉल अधिकारियों के एक समूह ने हाल ही में मुख्यालय पर कब्जा कर लिया और हारून मलिक की अध्यक्षता वाली फीफा नॉर्मलाइज़ेशन कमेटी से नियंत्रण छीन लिया।

4. **सेविले** शहर तीव्र कोविड-19 महामारी के कारण एक वर्चुअल समारोह में 22वें लॉरेस वर्ल्ड स्पोर्ट्स की मेजबानी करेगा।

नोट: प्रस्तुतियां और संबंधित खबरें दिखाने वाला पुरस्कार शो दुनिया भर की मीडिया के लिए उपलब्ध होगा और बड़े पैमाने पर लॉरियस सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित किया जाएगा। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के विजेताओं का चयन लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी की 69 सदस्यीय निर्णायक समिति द्वारा किया जाता है।

5. इमोला, इटली में एमिलिया रोमैग्ना F1 ग्रांड प्रिक्स 2021 **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** ने जीती।

नोट: यह जीत उनकी सत्र की पहली जीत है। यह रेस 2021 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का दूसरा दौर था। सात बार के फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन (मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) मर्सिडीज टीम के साथी वाल्टेरी बोटास के साथ एक दुर्घटना के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लैंडो नॉरिस (मैकलारेन - ग्रेट ब्रिटेन) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

6. सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप का 34वां संस्करण **कजाकिस्तान** में आयोजित किया गया था।

नोट: यह प्रतिस्पर्धा एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप का 34वां संस्करण था। भारत पदक तालिका में 14 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर आया। पदकों में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। ईरान और कजाकिस्तान 17 पदक के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर हैं।

7. भारतीय महिला पहलवान, **विनेश फोगाट** ने सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप 2021 के 34वें संस्करण में 53 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

नोट: यह प्रतिस्पर्धा एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का 34वां संस्करण था। भारत पदक तालिका में 14 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर आया। दकों में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। ईरान और कजाकिस्तान 17 पदक के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर हैं।

- भारतीय स्वर्ण पदक विजेता हैं:
  1) रवि कुमार दहिया - 57 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल
  2) विनेश फोगाट - 53 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
  3) अंशु मलिक - 57 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
  4) सरिता मोर - 59 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल
  5) दिव्या करन - 72 किग्रा महिला फ्रीस्टाइल

8. मीराबाई चानू **भारोत्तोलन** के खेल से संबंधित हैं जिन्होंने हाल ही में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

नोट: 26 वर्षीय भारतीय ने इस प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक चीन की होउ झिहुई के पास गया जिन्होंने स्नैच में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रत्येक 4 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले एशियाई खेल, ओलंपिक के बाद दूसरी सबसे बड़ी बहु-खेल प्रतिस्पर्धा है।

9. **बार्सिलोना** ने स्पेन के सेविले में कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट जीता है।
   नोट: बार्का ने ला कार्टूजा स्टेडियम, सेविले में फाइनल के दूसरे भाग में अपने सभी गोल करते हुए स्पेनिश किंग्स कप ट्रॉफी अर्जित की। फ्रांसीसी स्टार एंटोनी ग्रिजमैन ने पहला गोल 59वें मिनट में बाएं पैर के शॉट से करके बार्सिलोना को बढ़त दिला दी। डच मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग ने 63वें मिनट में डाइविंग हेडर के साथ अंतर को दोगुना कर दिया।
10. एटीपी मास्टर्स 1000 सीरीज़ टेनिस टूर्नामेंट **स्टेफानोस सितसिपास ने जीता।**
    नोट: ग्रीक स्टार इस स्तर पर अपने पिछले दो फाइनल हार गए थे, राफेल नडाल ने उन्हें टोरंटो में हराया था और नोवाक जोकोविच ने मैड्रिड में उन्हें पराजित किया था। रुबलेव ने क्वार्टर फाइनल में 11 बार के मोंटे कार्लो चैंपियन नडाल को हराया। रुबलेव ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, राफेल नडाल और डैन इवांस को हराकर फाइनल का रास्ता तय किया, लेकिन सितसिपास को नहीं हरा सके।
11. श्रीलंकाई क्रिकेटर, **दिलहारा लोकुहेटगे** को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से 8 वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।
    नोट: यह प्रतिबंध 3 अप्रैल 2019 को लगाया गया था जब उन्हें अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया। वह भ्रष्टाचार के आरोप में श्रीलंका के चौथे पूर्व खिलाड़ी थे। 2017 में T10 लीग के लिए 3 ECB एंटी करप्शन कोड का उल्लंघन करने के लिए उन्हें अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ECB) की ओर से ICC द्वारा दंडित किया गया था।
12. अर्जुन कल्याण **तमिलनाडु** राज्य से हैं, जो सर्बिया में जारी जीएम राउंड रॉबिन "रुजाना जोरा -3" के 5वें राउंड में मोंटेनेग्रो के ड्रैगन कोसिक के खिलाफ भारत के 68वें शतरंज ग्रैंड मास्टर (GM) बने।
    नोट: GM के खिताब हेतु क्वालीफाई करने के लिए, एक खिलाड़ी को न्यूनतम 27 गेम वाली प्रतियोगिता में 3 ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म्स और अपने करियर में किसी भी समय पर न्यूनतम 2500 की एक ELO (इलेक्ट्रिक लाइट ऑर्केस्ट्रा) रेटिंग प्राप्त करनी होगी। अर्जुन कल्याण के नाम पर 4 GM नॉर्म्स थे, लेकिन उनका ELO 2477 था। तीन करीबी राउंड रॉबिन प्रतिस्पर्धा में शतरंज खेलने के बाद वे 2500 का आंकड़ा पार करके भारत के 68वें GM बने।
13. **प्रियंका मोहिते** विश्व की दसवीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट अन्नपूर्णा फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।
    नोट: पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा की प्रियंका मोहिते ने दुनिया की दसवीं सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट अन्नपूर्णा फतह की और यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला पर्वतारोही बनीं। प्रियंका ने 2013 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8,849 मीटर), 2018 में माउंट ल्होत्से (8,516 मीटर), 2016 में माउंट मकालू (8,485 मीटर) और माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर) पर भी चढ़ाई की है।
14. रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में गवर्नर कप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय मुक्केबाज **अमित पंघाल** हैं।
    नोट: विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित गत ओलंपिक चैंपियन उज्बेकी खिलाड़ी से 5-0 से हार गए। 2019 विश्व चैंपियनशिप के बाद ज़ोइरोव के खिलाफ यह भारतीय खिलाड़ी की दूसरी हार थी। उस प्रतिस्पर्धा में, वह फाइनल में ज़ोइरोव से हार गए थे।
15. **मैनचेस्टर सिटी** फुटबॉल क्लब ने लंदन में लीग कप फाइनल जीता।
    नोट: 8,000 समर्थकों के सामने फाइनल खेला गया, जिसमें प्रत्येक क्लब से 2,000 शामिल थे और वेम्बली के विशाल एरिना में एक बार फिर आवाजें सुनकर खुशी हुई। मैनचेस्टर सिटी की जीत ने 1980 के दशक की

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

शुरुआत में लगातार चार वर्षों तक प्रतियोगिता जीतने की लिवरपूल की उपलब्धि, और तालिका में रेड्स की कुल आठ जीत की उपलब्धि की बराबरी की, और मैनेजर पेप गार्डियोला ने कहा कि उनके खिलाड़ी इस तरह की उपलब्धि से प्रेरित हैं।

16. इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (ITTF) के अनुसार **अमेरिका** पहली बार विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2021 की मेजबानी करेगा।
नोट: यह पहली बार है जब अमेरिका विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। यह फैसला 11 अप्रैल को ITTF की कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया था। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि, बुसान, दक्षिण कोरिया में 2020 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दी गई थी।

17. बार्सिलोना ओपन का 68वां संस्करण **राफेल नडाल** ने जीता।
नोट: यह राफेल नडाल का 12वां बार्सिलोना ओपन खिताब है। 2021 बार्सिलोना ओपन (बैंक सैबडेल द्वारा प्रायोजित) 17 से 25 अप्रैल, 2021 तक स्पेन के बार्सिलोना स्थित रियल क्लब डी टेनिस बार्सिलोना में हुआ। राफेल नडाल ने वर्ष 2005 में अपना पहला बार्सिलोना खिताब जीता। बार्सिलोना ओपन पुरुष पेशेवर खिलाड़ियों के लिए एक वार्षिक टेनिस टूर्नामेंट है और इसे क्ले कोर्ट पर खेला जाता है।

18. AIBA यूथ मेन्स एंड वूमन वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2021 का आयोजन **पोलैंड** में हुआ।
नोट: भारत ने 11 पदक (8 स्वर्ण, 3 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। AIBA यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप एक द्विवार्षिक प्रतिस्पर्धा है, 2021 संस्करण में 52 देशों के लगभग 414 मुक्केबाजों ने भाग लिया।

19. **सचिन** AIBA यूथ मेन्स एंड वूमन वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2021 में भारतीय पुरुष मुक्केबाजी दल में प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक (56 किग्रा) जीतने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज हैं।
नोट: भारत ने 11 पदक (8 स्वर्ण, 3 कांस्य) जीतकर कुल पदकों में शीर्ष स्थान हासिल किया। AIBA यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप एक द्विवार्षिक प्रतियोगिता है, 2021 संस्करण में 52 देशों के लगभग 414 मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारतीय बॉक्सर सचिन, जो भिवानी, हरियाणा से हैं, प्रतिस्पर्धा में भारतीय पुरुष मुक्केबाज़ी दल में स्वर्ण पदक (56 किग्रा) जीतने वाले एकमात्र थे।

20. सर्बिया में आयोजित जीएम राउंड रॉबिन रूजना जोरा - 3 2021 चेस टूर्नामेंट **अर्जुन कल्याण** ने जीता।
नोट: कल्याण (18 वर्षीय) चेन्नई में SRM कॉलेज (वडपलणी) में बी.कॉम के छात्र है। उन्होंने आई.एम. श्रवण और यूक्रेनी जीएम अलेक्जेंडर गोलोशाचोव द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'नेम्स ऑफ द वूमन' पुस्तक के लेखक **जीत थायिल** हैं।
नोट: यह पुस्तक उन महिलाओं के दृष्टिकोण से नए विधान की असाधारण पुनर्कल्पना को दर्शाती है जो ईसा मसीह की शिष्या बन गईं और जिनकी भूमिका को गोस्पल से मिटा दिया गया। जीत थायिल: प्रसिद्ध लेखक, अपनी पुस्तक 'नार्कोपोलिस' के लिए जाने जाते हैं, जिसे मैन बुकर प्राइज़ 2012 के लिए चुना गया था और दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए DSC पुरस्कार जीता।

2. 'मनोहर पर्रिकर: ब्रिलिएंट माइंड, सिंपल लाइफ' पुस्तक के लेखक **नितिन गोखले** हैं।
नोट: पुस्तक ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित की गई है। यह पर्रिकर के व्यक्तित्व - पुरुष, राजनीतिज्ञ और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

देशभक्त के रूप में - प्रस्तुत करने का प्रयास है। गोखले एक प्रसिद्ध लेखक, मीडिया ट्रेनर और रक्षा संबंधी विशेष वेबसाइट BharatShakti.in और StratNewsGlobal.com के संस्थापक हैं।

3. भारत के उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा विमोचित "सुपरीपालना" पुस्तक के लेखक **शैलेंद्र कुमार जोशी** हैं।
नोट: भारत के उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तेलंगाना के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. शैलेंद्र कुमार जोशी (एस.के. जोशी) द्वारा लिखित पुस्तक "सुपरीपालना" का विमोचन किया। यह पुस्तक श्री एस के. जोशी की पुस्तक 'इको टी कॉलिंग: टुवर्ड्स पीपल-सेंट्रिक गवर्नेंस' का तेलुगु अनुवाद है। पुस्तक का अनुवाद अन्नावारापू ब्रह्मैया द्वारा किया गया है और इसे मारुति द्वारा प्रकाशित किया गया है।
4. "इंडियाज पावर एलीट: क्लास, कास्ट एंड ए कल्चरल रेवॉल्यूशन" नामक पुस्तक **संजय बारू** ने लिखी।
नोट: पुस्तक में 2014 के आम चुनावों के बाद भारत में हुए सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तनों पर चर्चा की गई है। पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शासन व्यवस्था और भारतीय जनता पार्टी का विश्लेषण किया गया है कि कैसे पार्टी उन स्थानों पर राज्य चुनाव जीतती है जहां उसका कोई नामो-निशान नहीं था। उन्होंने मई 2004 से अगस्त 2008 के बीच प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता (PMO) के रूप में कार्य किया।
5. "बिलीव - व्हाट लाइफ़ एंड क्रिकेट टॉट मी" भारतीय क्रिकेटर, **सुरेश रैना का** का संस्मरण है।
नोट: पुस्तक में सुरेश रैना के बारे में बताया गया है, इसमें उनके जीवन, एक युवा क्रिकेटर के रूप में उनके सामने आई चुनौतियों का वर्णन है। वह उत्तर प्रदेश से हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, ODI, T20I) में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज हैं।
6. बाल कथा पुस्तक "द क्रिसमस पिग" **जे.के. रॉलिंग** ने लिखी है।
नोट: कहानी जैक नाम के लड़के और उसके खिलौने ड्यूर पिग की है, जो क्रिसमस की पूर्व संध्या पर खो जाता है। हैरी पॉटर के बाद से "द क्रिसमस पिग" रॉलिंग का पहला बाल उपन्यास है। रॉलिंग ने पिछले वर्ष महामारी के दौरान "द इकाबबॉग" के विमोचन के साथ लेखन में वापसी की।
7. "वांडरर्स, किंग्स, मर्चेंट्स: द स्टोरी ऑफ इंडिया थ्रू इट्स लैंग्वेजेस" नामक पुस्तक **पैगी मोहन** ने लिखी है।
नोट: पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई थी। पुस्तक का तर्क है कि प्रारंभिक संस्कृत की कहानी, उर्दू के उदय, उत्तर पूर्व में भाषा के गठन जैसी भाषाओं के समावेशी अध्ययन के माध्यम से सभी भारतीय मिश्रित मूल के हैं। पुस्तक संचार भाषा पर प्रवासन प्रभावों का पता लगाने के लिए भाषा विज्ञान और इतिहास को जोड़ती है।
8. "द कर्स्ड इनहेरिटेंस" नामक उपन्यास **सुतापा बासु** ने लिखा जो कहानियों के माध्यम से विरासत के संरक्षण के महत्व पर योगदान देता है।
नोट: पुस्तक रीडोमेनिया पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक वास्तुकला, सामाजिक रीति-रिवाजों, परिवहन के साधनों और भोजन के माध्यम से कोलकाता की विरासत का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। सुतापा बासु यूफियस लर्निंग में लर्निंग सॉल्यूशंस के निदेशक हैं।
5. "द लिविंग माउंटेन: ए फैबल फॉर अवर टाइम्स" नामक पुस्तक **अमिताव घोष** ने लिखी है।
नोट: इसे हार्पर कॉलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित की जाएगी। पुस्तक जीवित पर्वत महापरबत के बारे में एक कपोलकल्पना की संरचना में लिखी गई है। मनुष्यों ने कैसे प्रकृति का सुनियोजित रूप से शोषण किया है जिससे पर्यावरण का पतन हुआ, इस पर एक चेतावनीपूर्ण कहानी है। पुस्तक को हिंदी भाषा और एक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

ईबुक एवं एक ऑडियो पुस्तक के रूप में भी प्रकाशित किया जाएगा।

विज्ञान एवं रक्षा

1. **भारतीय-अमेरिकी स्पेशल फोर्स अभ्यास** के 11वें संस्करण **'वज्र प्रहार 2021'** का आयोजन भारत के **हिमाचल प्रदेश** में किया गया।
   नोट: अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की स्पेशल फोर्स के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना है। वज्र प्रहार संयुक्त मिशन योजना और परिचालन रणनीति जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली तथा अनुभव साझा करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।
2. बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'शांतिर अग्रसेना 2021' **बांग्लादेश** में आयोजित किया गया।
   नोट: यह 4 से 12 अप्रैल, 2021 तक आयोजित किया जाएगा। विषय: **Robust Peace Keeping Operations.** यह बांग्लादेश के जनक, बंगबंधु मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। अन्य प्रतिभागी: भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश
3. DRDO के **डिफेंस लेबोरेटरी, जोधपुर** ने नौसेना के जहाजों की मिसाइल हमले से सुरक्षा करने के लिए एक उन्नत चाफ तकनीक विकसित की है।
   नोट: चाफ एक निश्चेष्ट उत्सर्जनीय इलेक्ट्रॉनिक प्रत्युपाय तकनीक है जिसका उपयोग दुनिया भर में नौसेना के जहाजों को दुश्मन के रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) मिसाइल खोजक से बचाने के लिए किया जाता है। DRDO प्रयोगशाला डिफेंस लेबोरेटरी जोधपुर ने भारतीय नौसेना की गुणात्मक जरूरतों को पूरा करते हुए इस महत्वपूर्ण तकनीक के तीन प्रकारों - शॉर्ट रेंज चाफ रॉकेट, मीडियम रेंज चाफ रॉकेट और लॉन्ग रेंज चाफ रॉकेट - को स्वदेशी रूप से विकसित किया है। DRDO प्रयोगशाला द्वारा उन्नत चाफ तकनीक का विकास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और कदम है।
4. **CRPF,** अर्धसैनिक बल हर वर्ष 9 अप्रैल को वीरता दिवस (शौर्य दिवस) मनाता है।
   नोट: इस दिन 1965 में, CRPF की एक छोटी टुकड़ी ने गुजरात के कच्छ के रण स्थित सरदार पोस्ट में कई गुनी बड़ी एक घुसपैठ करती पाकिस्तानी सेना को हराकर इतिहास रचा था। CRPF के जवानों ने 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया और चार को जिंदा पकड़ लिया। इस संघर्ष में, CRPF के छह जवान शहीद हो गए।
5. दो सप्ताह के "बालिकतान" (कंधे से कंधा) सैन्य अभ्यास **अमेरिका और फिलीपींस** के बीच आयोजित किया जा रहा है।
   नोट: हालांकि पिछले अभ्यासों के विपरीत, इस वर्ष का "बालिकतान" (कंधे से कंधा) अभ्यास प्राकृतिक आपदाओं और युद्धकारी उग्रवादी हमलों जैसे खतरों का जवाब देने के लिए अपनी सेनाओं की तत्परता का परीक्षण करने हेतु आयोजित है। पिछले अभ्यासों के विपरीत, जिसमें 7,600 सैनिक भाग लेते थे, इस वर्ष केवल 1,700 सैनिक - अमेरिका से 700 और फिलीपींस से 1,000 - भाग लेंगे।
6. IIT बॉम्बे के इनक्यूबेटेड स्टार्टअप नैनोस्निफ टेक्नोलॉजी ने दुनिया का पहला माइक्रो-सेंसर-आधारित एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर (ETD) विकसित किया है।
   नोट: इसका विपणन IIT-दिल्ली इनक्यूबेटेड स्टार्टअप वेहांत टेक्नोलॉजीज़ द्वारा किया जाएगा। R&D और विनिर्माण के मामले में एक मेड-इन-इंडिया उत्पाद, स्वदेश विकसित ETD डिवाइस 10 सेकंड से कम समय में विस्फोटक का पता लगा सकती है। यह विभिन्न वर्गों में विस्फोटकों की पहचान और वर्गीकरण भी करता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने हाल ही में देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान हेतु सहयोग के लिए अंतरिक्ष एजेंसी **नेशनल सेंटर फॉर स्पेस स्टडीज़ (CNES), फ्रांस** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

   नोट: इस समझौते के तहत, फ्रांस भारत के गगनयान मानव अंतरिक्ष यान कार्यक्रम में योगदान देगा। गगनयान कक्षीय अंतरिक्ष यान परियोजना को अगस्त 2018 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य मूल रूप से 2022 में देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारतीय भूमि से एक अंतरिक्ष यात्री भेजने का था। परीक्षण यान इंस्ट्रूमेंट ह्यूमनॉइड रोबोट ले जाएगा। यह कैप्सूल अहमदाबाद के तट से दूर अरब सागर में गिरने से पहले सात दिनों के लिए 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्कर लगाएगा।

8. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने अपने आर्टेमिस प्रोग्राम के लिए **स्पेसएक्स** के साथ 2.89 बिलियन डॉलर का अनुबंध किया है।

   नोट: इस अनुबंध का कुल मूल्य 2.89 बिलियन डॉलर है। स्पेसएक्स 2024 तक लूनर साउथ पोल क्षेत्र में एक महिला अंतरिक्ष यात्री सहित दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने के लिए एक अंतरिक्ष यान 'स्पेसएक्स स्टारशिप' विकसित करेगा। नासा का उद्देश्य आर्टेमिस कार्यक्रम के भाग के रूप में चंद्रमा की सतह पर पहले पर्सन ऑफ कॉलर को ले जाना है।

9. **नासा** विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगी।

   नोट: नासा को स्पेसएक्स के साथ मिशन शुरू करना है। यह क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की दूसरी क्रू ऑपरेशनल फ्लाइट है। यह मिशन चार वैज्ञानिकों को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाएगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले अंतरिक्ष यात्री नासा, JAXA और ESA से हैं। JAXA जापानी अंतरिक्ष एजेंसी है और ESA यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी है।

10. भारतीयों ने **किर्गिस्तान** के साथ संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'खंजर' आयोजित किया।

    नोट: दो सप्ताह तक चलने वाला अभ्यास ऊंचाई, पहाड़ों और उग्रवाद पर केंद्रित है। भारत और किर्गिज गणराज्य के बीच सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए 2011 से भारत और किर्गिस्तान के विशेष सैन्य बलों के बीच अभ्यास आयोजित किया जा रहा है।

11. लूना 25 रूस का लूनर मिशन है, जिसे अक्टूबर 2021 तक लॉन्च किया जाएगा।

    नोट: रोस्कोसमोस रूस का राज्य अंतरिक्ष निगम है जो अंतरिक्ष उड़ानों, एयरोस्पेस अनुसंधान और कॉस्मोनॉमिक्स कार्यक्रमों के लिए उत्तरदायी है। मिशन एक लैंडर ले जाएगा। लूना 25 का प्राथमिक उद्देश्य लैंडिंग तकनीक साबित करना है। यह मिट्टी के नमूनों को इकट्ठा करने के लिए एक रोबोटिक आर्म और ड्रिलिंग हार्डवेयर सहित तीस किलो ग्राम वैज्ञानिक उपकरण ले जाएगा।

12. स्वदेश निर्मित ALH (एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर) Mk-III एयरक्राफ्ट की पहली यूनिट को भारतीय नौसेना में **INS हंसा, गोवा में** कमीशन किया गया।

    नोट: INAS 323 स्क्वाड्रन में 3 ALH Mk III शामिल होंगे। इसकी कमान कमांडर सैमिक नंडी संभालेंगे। ALH को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। स्क्वाड्रन खोज और बचाव कार्यों, स्पेशल ऑपरेशन और तटीय निगरानी जैसी भूमिकाएं निभाएगी।

13. नासा का प्रायोगिक मार्स हेलीकॉप्टर **इनजेन्युटी** जो मंगल पर संचालित, नियंत्रित उड़ान वाला पहला हेलीकॉप्टर बन गया है।

    नोट: इनजेन्युटी एक छोटा 4 पाउंड (1.8 किग्रा) का हैलीकॉप्टर है, जो 1903 राइट फ्लायर (किट्टी हॉक) से विंग फैब्रिक ले गया जो वायु संचालित विमान की तुलना में भारी है। नासा ने कार्बन फाइबर ब्लेड के साथ एक 19 इंच (48 सेमी) लंबा कॉप्टर बनाने के लिए लगभग 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

इनजेन्युटी को पर्सीवरेंस रोवर के साथ मंगल पर ले जाया गया और जेज़ेरो क्रेटर के अंदर उतारा गया।

14. IIT खड़गपुर ने अपने प्रमुख स्वास्थ्य सेवा उत्पाद COVIRAP का सफल व्यवसायीकरण किया जो कोविड-19 सहित संक्रामक रोगों का शून्यांकन करने के लिए नई निदान तकनीक है।

नोट: अग्रणी शोधकर्ताओं प्रोफेसर सुमन चक्रवर्ती, डॉ. अरिंदम मंडल और उनके अनुसंधान समूह द्वारा विकसित उत्पाद को रैपिड डायग्नोस्टिक ग्रुप ऑफ कंपनीज, इंडिया और ब्रामर्टन होल्डिंग्स एलएलसी, अमेरिका के व्यवसायीकरण का लाइसेंस दिया गया है।

15. द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'वरुणा -2021' भारत और फ्रांस के बीच आयोजित किया गया।

नोट: यह अभ्यास 25 से 27 अप्रैल 2021 तक आयोजित किया जाएगा। INS कोलकाता, INS तरकश, INS तलवार और चेतक हेलीकॉप्टर अभ्यास में भाग लेंगे। इसे 1983 में शुरू किया गया था क्योंकि भारत-फ्रांस नौसेना सहयोग दोनों देशों के मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत संयुक्त अवलोकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

16. सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (SICCI) ने प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप को पारस्परिक रूप से बढ़ावा देने के लिए **IIT कानपुर** के स्टार्ट-अप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (SIIC) के साथ समझौता किया है।

नोट: सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (SICCI) ने प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप को पारस्परिक रूप से बढ़ावा देने के लिए IIT-कानपुर के स्टार्ट-अप इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (SIIC) के साथ समझौता किया। इस सहयोग के तहत, SICCI-SIIC एक लॉन्चपैड प्रतियोगिता - "SICCI-SIIC INNOVATION LAUNCHPAD" आयोजित करता है।

17. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने **तेजस** से पांचवीं पीढ़ी की पायथन -5 एयर-टू-एयर मिसाइल (AAM) का सफल परीक्षण किया।

नोट: यह भारत के स्वदेशी रूप से विकसित लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, तेजस के हथियारों में नया आयुध है। परीक्षण का लक्ष्य तेजस पर पहले से ही एकीकृत डर्बी बियॉन्ड विजुअल रेंज (**BVR) AAM** की संवर्धित क्षमता की पुष्टि करना है।

18. सामुदायिक सेवा केंद्र, **आदित्य-L1** जिसे भारत के पहले विशेष सौर अंतरिक्ष मिशन के सभी डेटा को एक वेब-आधारित इंटरफेस पर लाने के लिए स्थापित किया गया है।

नोट: यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशन साइंसेज का संयुक्त प्रयास है। यह प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को डेटा का वैज्ञानिक विश्लेषण करने की अनुमति देगा। आदित्य- L1 पर्यवेक्षण के अवलोकन प्रस्तावों को तैयार करने के लिए आगंतुक पर्यवेक्षकों और शोधकर्ताओं की सहायता हेतु विशिष्ट उपकरण विकसित करने की योजना बनाई गई है।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co